卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्नि जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राज्जलिराज्जनेयम्
मनोजवं मारूत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 26 ♦अंक 201 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर (ऊधमसिंहनगर) ♦मंगलवार ♦28 अप्रैल 2026 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

# विधानसभा विशेष सत्र में गूंजा महिला आरक्षण

## मुख्यमंत्री धामी ने विपक्ष को घेरा, अधिनियम को रोकने पर सदन में गरजे मुख्यमंत्री, विपक्ष ने किया हंगामा



देहरादून। लोकसभा में महिला आरक्षण से जुड़े संविधान संशोधन विधेयक के विफल होने के बाद उत्तराखंड विधानसभा में इस मुद्दे पर चर्चा के लिए बुलाए गए विशेष सत्र में जोरदार हंगामा देखने को मिला। वंदेमातरम के साथ शुरू हुई कार्यवाही के दौरान सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी नोकझोंक के बीच मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मातृशक्ति के अधिकारों को लेकर अपना पक्ष रखा और केंद्र सरकार के प्रयासों के समर्थन की अपील की। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में राज्य और देश के निर्माण में महिलाओं के योगदान को याद करते हुए कहा कि देश की आधी आबादी को उनका पूरा अधिकार मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि मातृशक्ति को सशक्त बनाना विकसित भारत की दिशा में सबसे महत्वपूर्ण कदम है और सरकार इस दिशा में लगातार कार्य कर रही है। सदन में जारी हंगामे के बीच मुख्यमंत्री ने विभिन्न योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि मातृशक्ति वंदना योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, जल जीवन मिशन, उज्ज्वला योजना और लखपति दीदी योजना जैसी पहलों ने महिलाओं को आर्थिक और सामाजिक रूप से मजबूत किया है। उन्होंने कहा कि आज महिलाओं को ड्रोन संचालन तक का प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिससे वे आधुनिक तकनीक के क्षेत्र में भी आगे बढ़ रही हैं। मुख्यमंत्री ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि अतीत में गरीब बेटियों के हितों को नजरअंदाज किया गया, जबकि वर्तमान सरकार महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि बीते वर्षों में जेंडर बजट में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है और बेटियों के कल्याण के लिए बड़े स्तर पर प्रावधान किए गए हैं। चारधाम यात्रा का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यात्रा की शानदार शुरुआत हुई है और भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं, लेकिन कुछ लोग इस पर अनावश्यक विरोध दर्ज कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि धार्मिक आस्था से जुड़े विषयों को राजनीति से दूर रखना चाहिए। महिला आरक्षण के मुद्दे पर मुख्यमंत्री ने कहा (शेष पृष्ठ सात पर)

# विधायक ने विधानसभा गेट पर पलटी गन्ने की ट्राली




देहरादून। विधानसभा के विशेष सत्र का आगाज मंगलवार को भारी हंगामे और अप्रत्याशित विरोध प्रदर्शन के साथ हुआ। महिला आरक्षण जैसे महत्वपूर्ण मुद्दे पर चर्चा के लिए बुलाए गए इस सत्र में जहां सदन के भीतर तीखी नोकझोंक हुई, वहीं विधानसभा परिसर के मुख्य द्वार पर उस समय अफरा-तफरी मच गई जब झबरेड़ा से कांग्रेस विधायक वीरेंद्र जाति ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर वहां पहुँच गए। सुरक्षा घेरे को चुनौती देते हुए विधायक ने ट्रॉली में लदा गन्ना गेट के ठीक सामने पलट दिया, जिससे सुरक्षाकर्मियों के हाथ-पांव फूल गए। विधानसभा सत्र की कार्यवाही शुरू होने से ठीक पहले हुए इस प्रदर्शन ने सरकार की मुश्किलों को बढ़ा दिया। विधायक वीरेंद्र जाति ने सरकार पर किसानों की घोर अनदेखी का आरोप लगाते हुए कहा कि इकबालपुर चीनी मिल पर किसानों का लगभग 110 करोड़ रुपये का भुगतान पिछले लंबे समय से बकाया है। उन्होंने रोष व्यक्त करते हुए कहा कि बार-बार गुहार लगाने के बावजूद सरकार और मिल प्रबंधन की कानों पर जूं नहीं (शेष पृष्ठ सात पर)

# सड़क हादसे में बुझा घर का इकलौता चिराग



रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सोमवार की सायं निकटवर्ती ग्राम जाफरपुर के पास दो मोटरसाईकिलों के मध्य आमने सामने हुई भिड़न्त में बाईक सवार दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। जिनमें एक युवक ने रात्रि में उपचार के दौरान नगर के एक निजी चिकित्सालय में दम तोड़ दिया जबकि दूसरे घायल युवक का सुशीला तिवारी चिकित्सालय में उपचार किया जा रहा है। मृतक युवक घर का इकलौता चिराग था। घटना से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। जानकारी के अनुसार ग्राम जयनगर नम्बर एक निवासी सेवानिवृत एसआई मदनराम कोहली का 20 वर्षीय पुत्र दीपक कोहली सोमवार को सायं अपनी मोटरसाईकिल संख्या यूके 06 बीपी 5837 पर सवार होकर कालेज से घर वापस लौट रहा था। बताया जाता है जब वह जाफरपुर के पास पहुंचा तभी सामने से आती मोटरसाईकिल संख्या यूके 06 बीपी 5519 पर से उनकी भिड़न्त हो गई। इस दुर्घटना में दीपक और दूसरी मोटरसाईकिल पर सवार ग्राम दुर्गापुर निवासी युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। दोनों को उपचार के लिए तत्काल जिला चिकित्सालय ले जाया गया। जहां उनकी हालत चिंताजनक देखते हुए चिकित्सकों ने उन्हें रैफर कर दिया। दीपक के परिजन उसे उपचार के लिए नगर के एक निजी चिकित्सालय ले गये जबकि दूसरे युवक को सुशीला तिवारी चिकित्सालय (शेष पृष्ठ सात पर)

# पहचान छिपाकर युवतियों के शोषण पर भारी हंगामा

## व्यापारियों ने बाजार बंद कर घेरी कोतवाली

भीमताल। भीमताल क्षेत्र में एक विशेष समुदाय के युवक द्वारा अपनी पहचान छिपाकर युवतियों को प्रेम जाल में फंसाने और उनका शोषण करने का मामला सामने आने के बाद भारी जनाक्रोश फूट पड़ा है। आरोपी की तत्काल गिरफ्तारी की मांग को लेकर स्थानीय व्यापारियों और हिंदू संगठनों ने भीमताल बाजार पूर्णत: बंद रखा और कोतवाली का घेराव कर जमकर नारेबाजी की। तनावपूर्ण स्थिति को देखते हुए क्षेत्र में भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। आरोप है कि विशेष समुदाय का युवक अपनी पहचान बदलकर हिंदू लड़कियों को झांसे में लेता था और फिर उनका शारीरिक, मानसिक व आर्थिक शोषण करता था। शिकायत दर्ज होने के बावजूद आरोपी की गिरफ्तारी न होने से स्थानीय लोग और व्यापारी बेहद नाराज हैं। प्रदर्शनकारियों ने मुख्य मार्गों पर जाम लगाकर प्रशासन के खिलाफ रोष व्यक्त किया। व्यापारियों का कहना है कि देवभूमि की बेटियों के साथ (शेष पृष्ठ सात पर)

# एएसआई संजय खाती का संदिग्ध हालातों में निधन



रुद्रपुर (उद संवाददाता)। उधमसिंह नगर पुलिस विभाग से एक बेहद दुखद खबर सामने आई है। पुलिस लाइन में तैनात सहायक उपनिरीक्षक (एएसआई) संजय खाती की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। 54 वर्षीय संजय खाती मूल रूप से पिथौरागढ़ जिले के गंगोलीहाट (ग्राम मल्ला गरका) के निवासी थे और वर्तमान में रुद्रपुर कोतवाली स्थित सरकारी आवास में अपने परिवार के साथ रह रहे थे। उनके परिवार में पत्नी और एक पुत्र है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, रविवार को एएसआई संजय खाती की नाइट ड्यूटी निर्धारित थी। दिन भर सब कुछ सामान्य था; उन्होंने सुबह और दोपहर का भोजन किया और आराम करने के लिए सो गए। रात करीब 10 बजे जब उनकी ड्यूटी का समय नजदीक आया, तो पत्नी ने उन्हें जगाने का प्रयास किया। काफी कोशिशों के बाद भी जब उनके शरीर में कोई हलचल नहीं हुई, तो (शेष पृष्ठ सात पर)

# नानक सागर बैराज में युवक का शव मिलने से सनसनी

नानकमत्ता (उद संवाददाता)। क्षेत्र के नानक सागर बैराज में सोमवार को एक युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। बैराज के पानी में शव तैरता देख स्थानीय लोगों ने तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी, जिसके बाद मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।जानकारी के अनुसार, सोमवार सुबह जब कुछ लोग बैराज क्षेत्र में थे, तब उन्हें पानी में एक व्यक्ति का शव दिखाई दिया। सूचना मिलने पर नानकमत्ता पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से काफी मशक्कत के बाद शव को बाहर निकाला गया। मौके पर की गई प्रारंभिक जांच और पूछताछ में मृतक की पहचान मनोहर सिंह पुत्र लक्ष्मण सिंह, निवासी ग्राम बग्गा चौवन, खटीमा के रूप में हुई।जैसे ही हादसे की खबर मृतक के गांव और परिजनों तक पहुंची, परिवार में कोहराम मच गया। परिजन आनन-फानन में मौके पर पहुंचे, जिससे वहां का माहौल गमगीन हो गया। पुलिस ने पंचनामा भरते हुए शव को पोस्ट मार्टम के लिए खटीमा भेज दिया है। फिलहाल युवक की (शेष पृष्ठ सात पर)

# बेनी नदी के पास रॉयल्टी चेक पोस्ट का भारी विरोध



किच्छा। किच्छा हल्द्वानी रोड स्थित बेनी नदी के पास कैलाश माइन द्वारा लगाए गए अस्थायी रॉयल्टी चेक पोस्ट के खिलाफ ग्राम प्रधानों और स्थानीय ग्रामीणों का आक्रोश फूट पड़ा। शांतिपुरी लिंक मार्ग पर स्थापित इस चेक पोस्ट को लेकर सैकड़ों ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया और इसे तत्काल हटाकर हल्द्वानी हाईवे पर शिफ्ट करने की मांग उठाई। ग्रामीणों का कहना है कि जिस स्थान पर चेक पोस्ट लगाया गया है, वह गांवों को जोड़ने वाला मुख्य लिंक मार्ग है, जहां दिनभर स्थानीय लोगों की आवाजाही रहती है। ऐसे में भारी भरकम डंपरों की लगातार आवाजाही और चेकिंग के कारण मार्ग पर जाम की स्थिति बन रही है, जिससे आम जनजीवन पूरी तरह प्रभावित हो रहा है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि डंपरों से गिर रही मिट्टी के कारण सड़क पर फिसलन बढ़ गई है, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा भी लगातार बढ़ता जा रहा है। स्थानीय लोगों ने बताया कि सड़क पर नियमित रूप से पानी का छिड़काव नहीं किया जा रहा है, जिसके चलते दिन रात उड़ (शेष पृष्ठ 7 पर)

# पिंजरे में कैद हुआ गुलदार,ग्रामीणों को मिली राहत



भीमताल (उद संवाददाता)। जिले के भीमताल और जौलीकोट क्षेत्र में बीते 15 दिनों से जारी गुलदार की दहशत के बीच वन विभाग को मंगलवार सुबह बड़ी सफलता हाथ लगी है। वन विभाग द्वारा भीमताल ब्लॉक के मोरा गांव में लगाए गए पिंजरे में एक गुलदार कैद हो गया है। क्षेत्र में लगातार हो रहे जानलेवा हमलों के बाद से स्थानीय ग्रामीणों में भारी भय का माहौल था, जिसे देखते हुए विभाग ने कई स्थानों पर पिंजरे लगाए थे।जानकारी के अनुसार, क्षेत्र के भदयूनी गांव में छह दिन पहले युवक कमल सिंह बिष्ट को गुलदार ने अपना निवाला बना लिया था, जिसके बाद से वन विभाग पर गुलदार को पकड़ने का भारी दबाव था। इससे पूर्व सूर्याजाला और ज्योली क्षेत्र में भी गुलदार ने महिलाओं को शिकार बनाया था। लगातार बढ़ती घटनाओं के कारण जिला प्रशासन ने सुरक्षा के दृष्टिगत 25 और 27 अप्रैल को स्कूलों व आंगनबाड़ी केंद्रों में अवकाश भी घोषित किया था। वन क्षेत्राधिकारी नितिन पंत ने बताया कि पकड़े गए गुलदार की विशेषज्ञों द्वारा जांच की जा रही है। अभी यह कहना जल्दबाजी होगी कि पकड़ा गया गुलदार ही आदमखोर है। विभाग अब उसके व्यवहार और डीएनए सैंपल के माध्यम से (शेष पृष्ठ सात पर)

# प्रदेश में निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए अतिरिक्त प्रबंधन करने के निर्देश

## विद्युत मांग बढ़ने पर मुख्य सचिव ने की यूपीसीएल के साथ उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक

देहरादून (उद संवाददाता)। उत्तराखंड शासन के मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन की अध्यक्षता में राज्य में विद्युत आपूर्ति की वर्तमान स्थिति की उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। मुख्य सचिव ने मई एवं जून माह में निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए अतिरिक्त विद्युत प्रबंधन के ठोस कदम उठाए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने इसके लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पूर्व में ही सुनिश्चित करने को कहा। बैठक में यूपीसीएल द्वारा विस्तृत प्रस्तुतीकरण देते हुए वर्तमान परिदृश्य से अवगत कराया गया। समीक्षा के दौरान बताया गया कि देशभर में हीट वेव के प्रभाव से विद्युत मांग में तीव्र वृद्धि हुई है, वहीं अंतर्राष्ट्रीय परिस्थितियों के कारण गैस की सीमित उपलब्धता से राज्य के गैस आधारित संयंत्रों से उत्पादन प्रभावित हुआ है। इसके अतिरिक्त नदियों में जल स्तर में कमी के कारण जल विद्युत उत्पादन में गिरावट आई है तथा चालू वित्तीय वर्ष में औसतन लगभग 5 प्रतिशत की मांग वृद्धि दर्ज की जा रही है। उपभोक्ताओं द्वारा इंडक्शन कुकर एवं अन्य विद्युत उपकरणों के बढ़ते उपयोग से अतिरिक्त 50 से 100 मेगावाट तक का लोड भी सिस्टम पर आया है, जिससे पीक डिमांड के समय दबाव और बढ़ा है।वर्तमान समय में देशभर में पड़ रही भीषण गर्मी एवं हीट वेव के कारण विद्युत मांग ऐतिहासिक स्तर पर पहुँच गई है। दिनांक 24 अप्रैल 2026 को भारत की अधिकतम विद्युत मांग लगभग 252 गीगावाट दर्ज की गई, जो वर्ष 2024 के लगभग 250 गीगावाट के पूर्व रिकॉर्ड से अधिक है। पिछले वर्ष जून 2025 में यह मांग लगभग 242 गीगावाट रही थी, जबकि वित्तीय वर्ष 2026-27 में यह मांग 270 से 277 गीगावाट तक पहुँचने का अनुमान है। इसी क्रम में उत्तराखण्ड राज्य में भी 24 अप्रैल 2026 को अधिकतम मांग 2646 मेगावाट तथा 25 अप्रैल 2026 को 2647 मेगावाट दर्ज की गई है। देश के 40 से अधिक शहरों में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज किया गया है। उत्तर एवं मध्य भारत में सामान्य से अधिक तापमान के कारण घरेलू एवं



वाणिज्यिक क्षेत्रों में एयर कंडीशनर, कूलर एवं अन्य विद्युत उपकरणों के उपयोग में तीव्र वृद्धि हुई है, जिससे बिजली की मांग में अभूतपूर्व उछाल आया है। इस अत्यधिक मांग के कारण राष्ट्रीय स्तर पर पीक आवर्स के दौरान विद्युत की उपलब्धता सीमित हो रही है। यहाँ तक कि ऊर्जा एक्सचेंज में अधिकतम निर्धारित दर 10 रुपये प्रति यूनिट पर भी पर्याप्त विद्युत उपलब्ध नहीं हो पा रही है।इन परिस्थितियों के बावजूद यूपीसीएल उपभोक्ताओं को यथासंभव निर्बाध एवं गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति प्रदान करने हेतु पूर्णतः प्रतिबद्ध है। राज्य सरकार के मार्गदर्शन में यूपीसीएल द्वारा अग्रिम विद्युत क्रय, कुशल लोड प्रबंधन, रियल टाइम मॉनिटरिंग तथा ग्रिड समन्वय के माध्यम से विद्युत आपूर्ति को संतुलित बनाए रखने के निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। राज्य सरकार के सक्रिय प्रयासों से भारत सरकार द्वारा केन्द्रीय पूल से अतिरिक्त 150 मेगावाट विद्युत उपलब्ध कराने का आश्वासन प्राप्त हुआ है, जिससे आगामी दिनों में आपूर्ति व्यवस्था और सुदृढ़ होने की उम्मीद है। इसके अतिरिक्त ऊर्जा एक्सचेंज के माध्यम से अग्रिम रूप से विद्युत क्रय की व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई है, ताकि उपभोक्ताओं पर न्यूनतम प्रभाव पड़े। इसी क्रम में ऊर्जा भवन स्थित मुख्यालय में यूपीसीएल के प्रबंध निदेशक से हिमाचल प्रदेश स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड लिमिटेड के अध्यक्ष प्रभोध सक्सेना द्वारा शिष्टाचार भेंट की गई। इस दौरान उत्तराखण्ड एवं हिमाचल प्रदेश के मध्य जून 2026 हेतु विद्युत उपलब्धता को लेकर बैंकिंग व्यवस्था के माध्यम से सहयोग की संभावनाओं पर विस्तृत चर्चा की गई। इस दिशा में वार्ताएं सकारात्मक रूप से प्रगति पर है, जिससे आगामी अवधि में राज्य की विद्युत आपूर्ति व्यवस्था को और सुदृढ़ करने में सहायता मिलेगी।यूपीसीएल अपने सभी उपभोक्ताओं को आश्वस्त करता है कि इस चुनौतीपूर्ण समय में भी विद्युत आपूर्ति को सुचारु, विश्वसनीय एवं सुरक्षित बनाए रखने हेतु सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। साथ ही सभी उपभोक्ताओं से अपील की जाती है कि वे बिजली का जिम्मेदारीपूर्वक उपयोग करें, विशेषकर शाम के समय पीक आवर्स में अनावश्यक विद्युत उपकरणों के उपयोग से बचें, ताकि सभी को समान रूप से विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके। बैठक में प्रमुख सचिव आर मीनाक्षी सुंदरम, प्रबंध निदेशक यूजेवीएनएल, प्रबंध निदेशक यूपीसीएल के साथ मुख्य अभियंता वाणिज्य एन एस बिष्ट, अधीक्षण अभियंता वाणिज्य नवीन मिश्रा तथा मैसर्स मार्काडोज से आकाश शर्मा उपस्थित रहे।

## बनबसा में आधुनिक लैंड पोर्ट परियोजना को एशियन हाईवे से जोड़कर बढ़ाई जाएगी अंतरराष्ट्रीय कनेक्टिविटी

देहरादून (उद संवाददाता)। नई दिल्ली स्थित उत्तराखंड निवास में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने लैंड पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया के अध्यक्ष जयंत सिंह व अन्य वरिष्ठ अधिकारियों



के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। इस बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने चंपावत जनपद के बनबसा (गुदमी) क्षेत्र में भारत नेपाल सीमा पर निर्माणाधीन आधुनिक लैंड पोर्ट परियोजना की प्रगति की विस्तार से जानकारी ली। इस परियोजना को एशियन हाईवे से जोड़कर अंतरराष्ट्रीय कनेक्टिविटी को और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में देखा जा रहा है।इसके साथ ही मुख्यमंत्री धामी ने भारत नेपाल सीमा पर स्थित उत्तराखंड राज्य के पिथौरागढ़ जनपद के सीमावर्ती क्षेत्रों धारचूला एवं झूलाघाट में सीमा व्यापार, आवागमन तथा आधारभूत ढांचे को सुदृढ़ किए जाने से संबंधित विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा की। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि विकास कार्यों को स्थानीय आवश्यकताओं एवं जनहितों को प्राथमिकता देते हुए आगे बढ़ाया जाए, जिससे स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा मिलेगा तथा क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को मजबूती प्राप्त होगी।मुख्यमंत्री ने कहा कि इन प्रयासों से सीमावर्ती क्षेत्रों के उत्पादों को बेहतर बाजार उपलब्ध हो सकेगा और स्थानीय अर्थव्यवस्था और अधिक सुदृढ़ होगी, जिससे सुगमता के साथ-साथ स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी सृजित हो सकेंगे। उन्होंने लैंड पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया को सीमावर्ती क्षेत्रों में स्थानीय निवासियों की सुविधा हेतु चल रहे कार्यों को समयबद्ध एवं सुव्यवस्थित ढंग से पूर्ण करने के कड़े निर्देश दिए।

## चारधाम यात्रा मार्गों पर स्वच्छता के लिए अतिरिक्त फंड उपलब्ध कराने के निर्देश

देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन ने सोमवार को सचिवालय में स्वच्छ भारत मिशन शहरी 2.0 की महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की। बैठक के दौरान मिशन से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई और मुख्य सचिव द्वारा अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। मुख्य सचिव ने प्रदेश में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के लिए एक पूर्ण तंत्र तैयार करने के निर्देश देते हुए इसकी शीघ्र कार्ययोजना प्रस्तुत करने को कहा। इसके साथ ही उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन के तहत चारधाम यात्रा मार्गों और जनपदों के प्रवेश द्वारों पर कूड़ा निस्तारण के लिए अतिरिक्त फंड उपलब्ध कराने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए।मुख्य सचिव ने जिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि चारधाम यात्रा मार्गों और चारों धामों के आसपास स्वच्छता व्यवस्था को चाक चौबंद बनाए रखने के लिए इस अतिरिक्त धनराशि का उचित उपयोग सुनिश्चित किया जाए। बैठक में मुख्य सचिव ने पूरे प्रदेश में सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट द्वारा उपचारित जल को गैर पेयजल कार्यों में अनिवार्य रूप से



उपयोग करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में जहाँ भी सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट कार्यरत हैं, वहाँ उपचारित जल को आसपास के क्षेत्रों में बागवानी या अन्य गैर पेयजल कार्यों में शत प्रतिशत उपयोग में लाने हेतु कार्ययोजना तैयार की जाए।मुख्य सचिव ने प्रदेश के भीतर सभी कंप्रेस्ड बायोगैस प्लांट्स और वेस्ट टू एनर्जी प्लांट्स को शीघ्र तैयार कर संचालित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कूड़ा प्रबंधन में पारदर्शिता और सटिकता लाने के लिए व्हीकल लोकेशन ट्रैकिंग सिस्टम को भी जल्द शुरू करने की बात कही, ताकि डोर टू डोर कूड़ा उठान कार्य की प्रभावी निगरानी सुनिश्चित की जा सके। इस अवसर पर सचिव नितेश कुमार झा, रणवीर सिंह चौहान एवं डॉक्टर अहमद इकबाल सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## सीसीटीवी कैमरों से होगी खटीमा शहर की निगरानी, बोर्ड बैठक में कई प्रस्ताव पास

खटीमा। शहर की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए खटीमा के सभी वार्डों में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। यह निर्णय नगर पालिका की सोमवार को आयोजित बोर्ड बैठक में लिया गया, जिसमें विकास कार्यों से जुड़े कई अहम प्रस्तावों को मंजूरी दी गई।पालिका अध्यक्ष राकेश चंद्र जोशी की अध्यक्षता में सुबह करीब 11 बजे बैठक शुरू हुई। बैठक में वर्ष 2025-26 के



आय-व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया गया, जिसमें करीब 29.44 करोड़ रुपये की आय और 16.91 करोड़ रुपये के व्यय का विवरण रखा गया। वहीं वर्ष 2026-27 के लिए लगभग 30.39 करोड़ रुपये की अनुमानित आय और 23.14 करोड़ रुपये के व्यय का बजट प्रस्तावित किया गया।बैठक में सड़क निर्माण, नालियों की सफाई, सौंदर्यीकरण, जल निकासी व्यवस्था सुधार, रेलवे स्टेशन मार्ग पर डिवाइडर निर्माण सहित कई विकास कार्यों से जुड़े प्रस्ताव पारित किए गए। साथ ही सभी 20 वार्डों में सीसीटीवी कैमरे लगाने और सार्वजनिक स्थानों पर बैठने की व्यवस्था करने का भी निर्णय लिया गया।बैठक में महिला सभासदों की अनुपस्थिति भी चर्चा का विषय रही। कई स्थानों पर उनके प्रतिनिधि मौजूद रहे, जिस पर अध्यक्ष ने नाराजगी जताते हुए भविष्य में स्वयं उपस्थित रहने के निर्देश दिए।बैठक में सभासद प्रियंका आर्य, विश्वनाथ यादव, गोकुल ओली, अरसलम अंसारी, प्रकाश शर्मा, नफीस अंसारी, आशीष श्रीवास्तव, जोशान अब्बासी, सिद्धार्थ सिंह, मुखर्जी राणा, लक्ष्मण सिंह भंडारी, दीपक धारीवाल, दौलत सिंह राणा, शारिक हुसैन, रमेश चंद सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। नगर पालिका की इस बैठक में लिए गए फैसलों से शहर के विकास और सुरक्षा व्यवस्था में सुधार की उम्मीद जताई जा रही है।

## विद्यार्थियों ने सीखी इमेज और वीडियो जनरेशन की आधुनिक तकनीक

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। क्षेत्र के प्रतिष्ठित संस्थान सिक्स सिग्मा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस में एक दिवसीय आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य छात्र छात्राओं को वर्तमान युग की आधुनिक तकनीक और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस टूल्स के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम में मुख्य रूप से बीसीए विभाग की विभागाध्यक्ष सोनिया और प्रियरंजन तिवारी उपस्थित रहे।



इनके साथ ही संस्थान के संस्थानाध्यक्ष ललित सिंह बिष्ट और एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर वंश डावर ने कार्यक्रम में सम्मिलित होकर विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। इस एक दिवसीय कार्यशाला के दौरान छात्र छात्राओं को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से संबंधित नवीन तकनीकों के साथ ही इमेज और वीडियो जनरेशन तथा उनके व्यावहारिक उपयोग के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यशाला को लेकर विद्यार्थियों में भारी उत्साह देखा गया जिसमें 100 छात्र छात्राओं ने अपना पंजीकरण करवाया तथा लगभग 75 छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग करते हुए नई चीजें सीखने में गहरी रुचि दिखाई। इस अवसर पर संस्थान के चेयरमैन राजेश डाबर, को चेयरमैन प्रीत ग्रोवर, प्रबंध निदेशक सीए शिव अरोरा, प्रबंध निदेशिका डॉक्टर सीमा अरोरा, नर्सिंग के प्रधानाचार्य विवेक त्रिवेदी, उप प्रधानाचार्य मुकेश कुमार, सीएओ अनुभव बाठला, रजत धवन और साहिल छाबड़ा ने सभी छात्र छात्राओं को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं प्रदान की। प्रबंधन ने विद्यार्थियों को भविष्य में आयोजित होने वाली ऐसी तकनीकी कार्यशालाओं में अधिक से अधिक संख्या में प्रतिभाग करने के लिए प्रेरित किया।

## चैती मेले से युवक की बाईक चोरी

काशीपुर। पत्नी के साथ चैती मेला देखने आये युवक की बाइक अज्ञात चोर चोरी कर ले गये। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने बाइक चोरी का मुकदमा दर्ज किया है। मोहल्ला नई बस्ती जसपुर निवासी शंकर सिंह पुत्र मोहर सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बाइक सं. यूके18पी-9829 उसकी पत्नी प्रियंका के नाम से रजिस्टर्ड है। वह अपनी के साथ बीती 7 अप्रैल की रात्रि बाइक से चैती मेला देखने आया था तथा उसने बाइक को भगवती हॉस्पिटल वाली गली में खड़ी कर मेला देखने चला गया। जब वह रात्रि में करीब 02.30 बजे बापस आया तो उसकी बाइक वहां से गायब थी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर बाइक चोरी का मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

## तीन दिन से लापता रविंद्र नगर की नाबालिग का सुराग नहीं

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। ट्रांजिट कैंप थाना क्षेत्र के अंतर्गत रविंद्र नगर से एक 15 वर्षीय नाबालिग किशोरी संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई है। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। रविंद्र नगर निवासी सावित्री देवी पत्नी सुरेंद्र पाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनकी पुत्री खुशबू उम्र 15 वर्ष बीते 25 अप्रैल को प्रतिदिन की भांति कंपनी में काम पर जाने के लिए तैयार हो रही थी। सावित्री देवी स्वयं सुबह करीब साढ़े छह बजे अपनी ड्यूटी पर चली गई थी। शाम को जब वह काम से वापस लौटी तो देखा कि पुत्री घर पर मौजूद नहीं थी। काफी देर इंतजार करने के बाद जब वह घर नहीं लौटी तो परिजनों ने उसकी खोजबीन शुरू की। रिश्तेदारों और आस पड़ोस में पूछताछ करने पर पता चला कि खुशबू ने अपनी एक सहेली को नानी के घर जाने की बात कही थी, लेकिन जब नानी के घर संपर्क किया गया तो वह वहां भी नहीं पहुंची थी। परिजनों ने हर संभव स्थान पर उसकी तलाश की लेकिन तीन दिन बीत जाने के बाद भी उसका कोई सुराग नहीं मिल सका है। आवास विकास चौकी पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है और किशोरी की सकुशल बरामदगी के प्रयास किए जा रहे हैं।

# स्कूलों में सुधरेगी शिक्षा की गुणवत्ता

## हर माह 15 ग्राम पंचायतों के विद्यालयों का होगा अनिवार्य निरीक्षण

भीमताल (उद संवाददाता)। सोमवार को विकास भवन सभागार भीमताल में मुख्य विकास अधिकारी अरविंद कुमार पांडेय ने शिक्षा विभाग की महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक ली। बैठक में उन्होंने जिले के सरकारी स्कूलों में शिक्षा के स्तर को सुधारने और बेहतर पठन-पाठन सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों को कड़े दिशा-निर्देश जारी किए। सीडीओ ने सभी खंड शिक्षा अधिकारियों और उप-शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे निर्धारित रोस्टर के अनुसार विद्यालयों का नियमित भ्रमण करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि हर माह कम से कम 15 ग्राम पंचायतों के विद्यालयों का निरीक्षण अनिवार्य रूप से किया जाए ताकि शैक्षिक गुणवत्ता और शिक्षण कार्यों का सही आंकलन हो सके। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि निरीक्षण के दौरान किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने विशेष रूप से विद्यार्थियों के प्रोत्साहन पर जोर देते हुए कहा कि बच्चों के छोटे-छोटे प्रयासों की सराहना करना आवश्यक है, जिससे उनका मनोबल और आत्मविश्वास बढ़े। इसके साथ ही उन्होंने स्कूलों में दिए जाने वाले मिड-डे मील की गुणवत्ता और स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। सीडीओ ने शिक्षकों के व्यवहार के मूल्यांकन की आवश्यकता पर भी बल दिया ताकि विद्यालयों में बच्चों के लिए एक सकारात्मक और सहयोगात्मक माहौल बना रहे। बैठक में डिजिटल निगरानी की नई व्यवस्था पर भी चर्चा हुई। मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि अब ऐप के माध्यम से कार्यों की मॉनिटरिंग की जाएगी और विद्यार्थियों के समूह बनाकर उनकी प्रगति को नियमित अपडेट किया जाएगा। उन्होंने कमजोर और जरूरतमंद बच्चों की पहचान कर उन्हें अतिरिक्त सहयोग देने की बात कही। कक्षा में बैठने की व्यवस्था को लेकर उन्होंने 'फ्रंट से बैक रोटेशन' लागू करने के निर्देश दिए ताकि सभी छात्रों को समान अवसर मिल सके। सीडीओ ने कहा कि प्रशासन का लक्ष्य हर विद्यार्थी तक सुरक्षित और प्रेरणादायक वातावरण में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पहुँचाना है। बैठक में मुख्य शिक्षा अधिकारी गोविंद राम जायसवाल सहित सभी खंड शिक्षा अधिकारी एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।



# विद्युत पोलों के लिए स्थान चिन्हित

किच्छा (उद संवाददाता)। आनंदपुर मोड़ से किच्छा रेलवे स्टेशन तक चल रहे सड़क चौड़ीकरण कार्य के दौरान विद्युत पोलों के स्थानांतरण को लेकर उत्पन्न विवाद का समाधान करा दिया गया है। वरिष्ठ भाजपा नेता राजू सक्सेना की पहल पर लोक निर्माण विभाग (लोनिवि) की टीम ने मौके पर पहुंचकर पैमाइश की और पोल लगाने के लिए स्थान निर्धारित किए, जिससे स्थानीय दुकानदारों में व्याप्त रोष समाप्त हो गया है।दरअसल, क्षेत्र में सड़क चौड़ीकरण का कार्य तेजी से चल रहा है, जिसके तहत पुराने विद्युत पोलों को हटाया जा रहा है। बंदिया क्षेत्र के दुकानदारों की शिकायत थी कि विद्युत विभाग द्वारा पोलों को निर्धारित स्थलों के बजाय आगे- पीछे लगाया जा रहा है, जिससे उनके व्यवसाय और आवाजाही में दिक्कतें आ रही थीं। मामला बढ़ने पर विद्युत विभाग ने लोक निर्माण विभाग से सटीक भूमि चिन्हित करने का अनुरोध किया था।दुकानदारों की इस समस्या को देखते हुए भाजपा नेता राजू सक्सेना ने लोनिवि के जेई और अन्य तकनीकी कर्मचारियों को मौके पर बुलाया। विभाग द्वारा रेलवे स्टेशन से शुगर फैक्ट्री तक लोनिवि की भूमि की विधिवत पैमाइश की गई और पोल लगाने के लिए सुरक्षित स्थान चिन्हित कर दिए गए। राजू सक्सेना ने बताया कि दुकानदारों की मांग जायज थी कि पोल एक ही बार में सही स्थान पर लगें ताकि भविष्य में बार-बार परेशानी न हो। पैमाइश के बाद स्थान तय होने से क्षेत्र के व्यापारियों ने राहत की सांस ली है और व्यवस्था में सुधार पर खुशी जताई है।



# आईटीआई बेतालघाट में कैंपस इंटरव्यू: 16 प्रशिक्षार्थियों का चयन

बेतालघाट (उद संवाददाता)। राजकीय आईटीआई बेतालघाट परिसर में सोमवार को अशोक लीलैंड पंतनगर के अधिकारियों द्वारा अप्रेंटिस और रोजगार हेतु कैंपस इंटरव्यू का आयोजन किया गया। इस दौरान लिखित एवं साक्षात्कार परीक्षा ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों से संपन्न कराई गई, जिसमें अल्मोड़ा, रामनगर, नैनीताल, राईआगर, बेरीनाग और पिथौरागढ़ के प्रशिक्षार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। कंपनी द्वारा कड़े चयन प्रक्रिया के बाद 16 प्रतिभाशाली प्रशिक्षार्थियों का चयन किया गया।कैंपस इंटरव्यू में अशोक लीलैंड पंतनगर की एचआर मैनेजर पारुल बडोला, डिप्टी मैनेजर (मैन्युफैक्चरिंग) विकास जांगड़ा और सहायक मैनेजर दीपक कुमार जोशी ने प्रशिक्षार्थियों की योग्यता का परीक्षण किया। संस्थान की प्रधानाचार्य सीमा कुमार ने कंपनी के अधिकारियों का स्वागत किया और चयनित युवाओं को भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए उनका मार्गदर्शन किया। संस्थान के प्लेसमेंट अधिकारी व प्रभारी कार्यदेशक राजेंद्र पांडे ने कंपनी प्रबंधन का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी इसी तरह के आयोजन जारी रखने का निवेदन किया, ताकि ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को पढ़ाई के तुरंत बाद घर के समीप ही रोजगार मिल सके।इस उपलब्धि पर स्थानीय अभिभावकों ने राजेंद्र पांडे के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि उनके द्वारा समय-समय पर राष्ट्रीय कंपनियों और जिला उद्योग केंद्र के अधिकारियों को आमंत्रित करने से बेतालघाट आईटीआई के बच्चों को नौकरी के लिए भटकना नहीं पड़ रहा है। इस अवसर पर कमल पाठक, हरीश मिश्रा, हरिप्रकाश, राजेंद्र प्रसाद जोशी सहित संस्थान के प्रथम व द्वितीय वर्ष के छात्र उपस्थित रहे।



# 441 करोड़ की 117 विकास परियोजनाओं की प्रगति के लिए बनी विशेष निरीक्षण समिति

भीमताल (उद संवाददाता)। जनपद नैनीताल में ग्रामीण अवसंरचना विकास निधि के अंतर्गत संचालित परियोजनाओं की प्रगति को लेकर सोमवार को विकास भवन सभागार में मुख्य विकास अधिकारी अरविंद कुमार पांडेय की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक मुकेश बेलवाल ने बताया कि 31 मार्च 2026 तक जनपद में विभिन्न विभागों के माध्यम से कुल 441.01 करोड़ की 117 परियोजनाएं संचालित हैं, जिनमें नाबार्ड द्वारा 396.95 करोड़ की ऋण सहायता प्रदान की गई है।विभागवार समीक्षा के दौरान बताया गया कि लोक निर्माण विभाग के पास सर्वाधिक 37 परियोजनाएं (119.74 करोड़) हैं। इसके अतिरिक्त सिंचाई विभाग की 27, नलकूप की 12, लघु सिंचाई की 13 और दुग्ध विकास की 2 महत्वपूर्ण परियोजनाओं सहित कुल 12 विभागों में कार्य चल रहा है। सीडीओ अरविंद कुमार पांडेय ने कड़े निर्देश दिए कि सभी परियोजनाओं को निर्धारित समय सीमा के भीतर और उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण किया जाए। उन्होंने सचेत किया कि कार्यों में अनावश्यक विलंब से न केवल लागत बढ़ती है, बल्कि संसाधनों का भी दुरुपयोग होता है।परियोजनाओं की नियमित निगरानी और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए सीडीओ ने एक विशेष निरीक्षण समिति का गठन किया है। इस समिति में ग्रामीण निर्माण विभाग, जल संस्थान, लोक निर्माण विभाग और लघु सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंताओं को सदस्य बनाया गया है। यह समिति हर महीने विकास कार्यों का स्थलीय निरीक्षण कर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी। सीडीओ ने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने और विकास का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के निर्देश दिए। बैठक में डीडीएम नाबार्ड मुकेश बेलवाल, जीआर जायसवाल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



# गौ माता को राष्ट्र माता का दर्जा दिए जाने की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

किच्छा। गौ सम्मान आह्वान अभियान के तहत गौ रक्षा दल एवं हिंदूवादी संगठनों से जुड़े कार्यकर्ताओं ने उप जिलाधिकारी के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री एवं उत्तराखंड के मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित कर गौ माता को राष्ट्र माता का दर्जा दिए जाने की मांग की। हिंदूवादी संगठन एवं गौ रक्षा दल से जुड़े किच्छा, पंतनगर, शांतिपुरी, लालपुर एवं रूद्रपुर के तमाम कार्यकर्ता इंदिरा गांधी खेल मैदान के सामने एकत्रित हुए। जहां से वे पोस्टर -बैनर के साथ जुलूस की शक्ल में एसडीएम कार्यालय पहुंचे। कार्यकर्ताओं ने एसडीएम गौरव पांडे को ज्ञापन सौंपते हुए अपनी मांग रखी। कार्यकर्ताओं ने गौ माता को - राष्ट्र माता का दर्जा दो, गौ माता के सम्मान में - सनातनी मैदान में, जय श्री राम आदि की जोरदार नारेबाजी करते हुए गौ माता को सम्मान दिए जाने की बात कही। गौ रक्षा दल के अध्यक्ष विराट आर्य एवं जिला उपाध्यक्ष मुकेश राठौर ने कहा कि देश में लगातार गौ माता का उत्पीड़न एवं निर्मम हत्याओं की घटनाएं सामने आ रही है और गोवंशीय पशु इधर-उधर आवारा भटक रहे हैं। उन्होंने कहा कि बड़े दुर्भाग्य की बात है कि गौ माता का सम्मान करने वाले भारत देश का बीफ एक्सपोर्ट में दूसरा स्थान है, जो कि सनातनी समाज के लिए शर्म की बात है। उन्होंने कहा कि गोवंशीय पशुओं की दुर्गति एवं आवारा घूमने तथा गोवंशीय पशुओं के कारण सड़कों पर हो रही दुर्घटनाओं से सनातनी समाज में निरंतर आक्रोश पनप रहा है। वक्ताओं ने कहा कि श्री राम और गौ माता के नाम पर सत्ता पर काबिज हुई केंद्र की भाजपा सरकार से सनातन समाज को बहुत उम्मीदें हैं। उन्होंने बताया कि देश भर की करीब 5 हजार तहसीलों के माध्यम से केंद्र सरकार को ज्ञापन प्रेषित किए गए हैं और गौ माता को जल्द ही राष्ट्र माता का दर्जा दिए जाने की पुरजोर तरीके से मांग उठाई गई है। उन्होंने कहा कि अगर जल्द ही गौ माता को राष्ट्र माता का दर्जा दिए जाने की दिशा में कार्य नहीं किया गया तो आंदोलन को और तेज कर दिल्ली में जोरदार धरना दिया जाएगा। मौके पर गौ रक्षा दल के अध्यक्ष विराट आर्य एवं जिला उपाध्यक्ष मुकेश राठौर सहित जिला महामंत्री राध `सनातनी, पंतनगर अध्यक्ष धीरज बंसल, अजय चंद्रा, धर्मपाल यादव, अमन कुमार, ममता जीना, नरेंद्र गंगवार, नारद जोशी, अनुराग, जितेंद्र शर्मा, विशाल, उमेश जोशी, नीरज आदि मौजूद रहे।



# खनन डंपरों से अवैध वसूली पर ठुकराल ने खोला मोर्चा

रुद्रपुर। पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने जनपद उधमसिंह नगर में चल रहे अवैध खनन और ओवरलोडेड डंपरों के संचालन में हो रही अवैध वसूली को लेकर मोर्चा खोला है। एसएसपी को सम्बोधित ज्ञापन एसपी सिटी को सौंपते हुए ठुकराल ने आरोप लगाया कि जनपद में सत्ताधारी नेताओं के संरक्षण में डंपर चालकों से खुलेआम उगाही की जा रही है, जिससे खाकी की छवि धूमिल हो रही है। पूर्व विधायक ने पत्र के माध्यम से अवगत कराया कि जाफरपुर निवासी डंपर स्वामी रामसिंह ने गत 16 अप्रैल को रुद्रपुर कोतवाली में एक लिखित तहरीर दी थी। आरोप है कि विकास सागर नामक व्यक्ति, जिसे कथित तौर पर राजनीतिक संरक्षण प्राप्त है, पुलिस के नाम पर डंपर चालकों से अवैध धन की वसूली कर रहा है। ठुकराल ने रोष व्यक्त करते हुए कहा कि तहरीर और पर्याप्त साक्ष्य होने के बावजूद दो सप्ताह बीत जाने पर भी पुलिस ने कोई कानूनी कार्रवाई नहीं की। उन्होंने कहा कि पुलिस की यह चुप्पी विभाग की संदिग्ध कार्यप्रणाली और राजनीतिक दबाव में पुलिसीया तंत्र के फेल होने का प्रमाण है। ज्ञापन में पूर्व विधायक ने कुंडा थाना क्षेत्र के सुखवन्त सिंह आत्महत्या प्रकरण का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि पुलिस अधिकारियों द्वारा सहयोग न मिलने के कारण पूर्व में एक अप्रिय घटना घटित हो चुकी है, क्या प्रशासन दोबारा उसी स्थिति का इंतजार कर रहा है? ठुकराल ने सवाल उठाया कि क्या उधमसिंह नगर पुलिस की नजरों में अवैध डंपरों और आम नागरिकों की जान का कोई मूल्य नहीं है? उन्होंने ज्ञापन में मांग की कि पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराई जाए, अवैध खनन और ओवरलोडिंग में लिप्त वाहनों के खिलाफ सख्त अभियान चलाया जाए तथा अवैध वसूली में शामिल पुलिस कर्मियों और अन्य व्यक्तियों के खिलाफ तत्काल कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि व्यापक जनहित में इस भ्रष्टाचार पर लगाम नहीं लगाई गई और दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई नहीं हुई, तो वे इस व्यवस्था के विरुद्ध धरने पर बैठने को बाध्य होंगे।



# स्कूल जाते समय नाबालिग से छेड़छाड़

नानकमत्ता। विरोध करने पर उसे व उसके परिजनों को जान से मारने की धमकी देने का गंभीर मामला सामने आया है। पीड़िता के परिजनों की तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी युवक, उसकी मां और बुआ के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, क्षेत्र निवासी एक नाबालिग छात्रा रोज की तरह स्कूल जा रही थी, तभी रास्ते में गांव के ही युवक सूरज सिंह पुत्र स्वर्गीय सुरजीत सिंह ने उसके साथ छेड़छाड़ की। छात्रा के विरोध करने और घर पहुंचकर घटना की जानकारी देने के बाद मामला और बढ़ गया। आरोप है कि इसके बाद आरोपी की मां मनजीत कौर और बुआ चंदू कौर ने भी पीड़िता व उसके परिवार को जान से मारने की धमकी दी। घटना से आक्रोशित परिजनों ने कोतवाली पहुंचकर लिखित शिकायत दी, जिस पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सूरज सिंह, मनजीत कौर और चंदू कौर के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

हमारे यहां कुंडली बनाने व दिखवाने एंव वैदिक
ब्राह्मणों द्वारा रूद्राभिषेक, दुर्गा सप्तशती पाठ
महामृत्युंजय जप, ग्रह शांति, शतचंडी
यज्ञ एवं समस्त यज्ञ जप इत्यादि
समस्याओं का समाधान
के लिये संपर्क करें :
आचार्य गोपाल शास्त्री जी : 7248133444

# मुख्यमंत्री ने केंद्र से चारधाम यात्रा हेतु शत प्रतिशत एलपीजी आपूर्ति का किया अनुरोध

देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नई दिल्ली स्थित कर्तव्य भवन में केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी से भेंट की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने उत्तराखंड की विशिष्ट भौगोलिक परिस्थितियों और आपदा संवेदनशीलता के दृष्टिगत विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की। मुख्यमंत्री ने आगामी चारधाम यात्रा के निर्बाध और सुचारू संचालन हेतु व्यावसायिक एलपीजी सिलेंडरों की आपूर्ति को पूर्व की भांति 100 प्रतिशत बनाए रखने का विशेष अनुरोध किया। उन्होंने केंद्रीय मंत्री को अवगत कराया कि उत्तराखंड में अप्रैल से नवंबर तक चलने वाली चारधाम यात्रा में देश विदेश से लाखों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। तीर्थयात्रियों की भारी आमद के कारण इस अवधि में व्यावसायिक एलपीजी की मांग में अप्रत्याशित वृद्धि होती है। आंकड़ों के अनुसार इस यात्रा काल में राज्य को लगभग 9,67,949 व्यावसायिक एलपीजी सिलेंडरों की आवश्यकता होती है।मुख्यमंत्री धामी ने जोर देते हुए कहा कि जून से सितंबर के मध्य मानसून के दौरान राज्य को प्रतिवर्ष प्राकृतिक आपदाओं का सामना करना पड़ता है। पर्वतीय और दुर्गम क्षेत्रों में



आपदा प्रबंधन तथा राहत कार्यों के समय एलपीजी गैस की उपलब्धता अत्यंत अनिवार्य हो जाती है। इस गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्होंने व्यावसायिक सिलेंडरों के कोटे में अतिरिक्त 5 प्रतिशत यानी लगभग 48,397 सिलेंडरों का आवंटन सुनिश्चित करने का आग्रह किया, ताकि विषम परिस्थितियों में राहत कार्यों को प्रभावी ढंग से संपन्न किया जा सके।मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि उत्तराखंड की अर्थव्यवस्था मुख्य रूप से धार्मिक, सांस्कृतिक और साहसिक पर्यटन पर आधारित है और चारधाम यात्रा राज्य की आर्थिक गतिविधियों का मुख्य स्तंभ है। केंद्रीय मंत्री ने मुख्यमंत्री द्वारा प्रस्तुत प्रस्तावों पर सकारात्मक रुख अपनाते हुए आवश्यक कार्यवाही का आश्वासन दिया और राज्य के हितों के प्रति केंद्र सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई।

# कुमाऊं के सात शहरों के मास्टर ड्रेनेज प्लान को मिली मंजूरी

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। कुमाऊं मंडल के विभिन्न शहरों में जल भराव की समस्या के स्थायी समाधान हेतु मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा दिए गए आदेशों के अनुपालन में मंडल के 7 शहरों के लिए तैयार मास्टर ड्रेनेज प्लान को हरी झंडी दे दी गई है। मंडलायुक्त कैंप कार्यालय हल्द्वानी में आयुक्त कुमाऊं व सचिव मुख्यमंत्री दीपक रावत की उपस्थिति में सिंचाई तथा विभिन्न विभागों के अभियंताओं द्वारा इस योजना का पावर पॉइंट प्रजेंटेशन किया गया। आयुक्त ने सभी प्रस्तावों को मंजूरी देते हुए प्रमुख सचिव सिंचाई विभाग उत्तराखंड को प्रेषित कर दिया है। मंडलायुक्त दीपक रावत ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि पहाड़ी क्षेत्रों के साथ ही मैदानी क्षेत्रों में भी कम समय में अधिक वर्षा होने से उत्पन्न होने वाली जल भराव की समस्या के स्थायी एवं दीर्घकालिक समाधान में किसी भी स्तर पर कोई कमी न रहे। उन्होंने निर्देशित किया कि नालों की गहराई एवं चौड़ाई वैज्ञानिक तरीके से निर्धारित हो। उन्होंने जलभराव वाले संवेदनशील क्षेत्रों को प्राथमिकता देने तथा विभागीय समन्वय के साथ मास्टर प्लान पर समयबद्ध तरीके से कार्य करने के निर्देश दिए। आयुक्त ने आवश्यकतानुसार कैचपिट की व्यवस्था करने और नालों के ढाल पर विशेष ध्यान देने को कहा ताकि कूड़ा जमा होने से नाले जाम न हों। प्रस्तुतीकरण के दौरान अधिशासी अभियंताओं ने शहरवार ड्रेनेज की वर्तमान स्थिति, संवेदनशील बिंदुओं और



प्राकृतिक जल निकासी मार्गों के सर्वेक्षण सहित विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस योजना से नालों की शत प्रतिशत कनेक्टिविटी होगी, जिससे जल भराव और अनियंत्रित अपवाह से राहत मिलेगी। बैठक में सिंचाई विभाग के मुख्य अभियंता राजीव श्रीवास्तव ने बताया कि कपकोट शहर में 10.14 किमी लंबे नाले हेतु 37.28 करोड़ और बागेश्वर शहर में 35.32 किमी ड्रेन हेतु 129.50 करोड़ का प्रस्ताव तैयार किया गया है।इसी प्रकार गरुड़ में 8.28 किमी ड्रेन हेतु 25.54 करोड़, पिथौरागढ़ नगर में 16.77 किमी ड्रेन हेतु 87.85 करोड़, टनकपुर में 31.32 किमी ड्रेन हेतु 101.57 करोड़ और बनबसा में 25.606 किमी ड्रेनेज हेतु 66.57 करोड़ की लागत प्रस्तावित है, जिन्हें समिति द्वारा संस्तुति प्रदान की गई। बैठक में मुख्य अभियंता सिंचाई संजय शुक्ल, संजीव श्रीवास्तव, लोक निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता पीएस बृजवाल, उप कार्यक्रम निदेशक यूयूएसडीए मृदुला सिंह सहित विभिन्न क्षेत्रों के अधिशासी अभियंता और अधिकारी उपस्थित रहे।

# सीएम धामी के नेतृत्व में ही लड़ा जाएगा विधानसभा चुनावः महेंद्र भट्ट

## काशीपुर में भाजपा का प्रशिक्षण महाअभियान शुरू

काशीपुर (उद संवाददाता)। भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में सोमवार को दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान-2026 के तहत जिला वर्ग प्रशिक्षण कार्य योजना बैठक






का आयोजन किया गया। हरियाणा से पहुंचे मुख्य वक्ता भाजपा राष्ट्रीय मंत्री ओम प्रकाश धनखड़ एवं प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर अभियान का विधिवत शुभारंभ किया। कार्यक्रम से पूर्व अतिथियों ने जिला कार्यालय परिसर में लगाई गई प्रदर्शनी का फीता काटकर उद्घाटन भी किया।प्रशिक्षण महाअभियान में संगठन मंत्री अजय, प्रदेश महामंत्री दीप्ति रावत भारद्वाज व कुंदन परिहार सहित तमाम दिग्गज नेताओं की उपस्थिति में आगामी 2027 विधानसभा चुनाव को लेकर रणनीतिक मंथन किया गया। बैठक में संगठन को बूथ स्तर तक अभेद्य बनाने, कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने और जनसंपर्क अभियान को धार देने पर विशेष जोर दिया गया। नेताओं ने स्पष्ट संदेश दिया कि पार्टी अब पूरी तरह से चुनावी मोड में आ चुकी है और कार्यकर्ताओं को अभी से मैदान में जुटने के निर्देश दिए गए हैं।इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने महत्वपूर्ण घोषणा करते हुए कहा कि 2027 का विधानसभा चुनाव भी मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के कुशल नेतृत्व में ही लड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण अभियान के जरिए कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा भरी जा रही है ताकि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रभावी ढंग से जनता के बीच ले जाया जा सके। काशीपुर में हुए इस बड़े राजनैतिक जमावड़े ने साफ कर दिया है कि भाजपा ने मिशन-2027 के लिए बिसात बिछा दी है और रणनीति को धरातल पर उतारने की कवायद तेज कर दी है।बैठक में मनोज पाल, पीसीयू चेयरमैन राम मेहरोत्रा, गुरविंदर सिंह चंडोक, रजत सिद्धू समेत भारी संख्या में प्रदेश एवं जिला स्तर के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने एकजुट होकर आगामी चुनावी चुनौतियों के लिए तैयार रहने का संकल्प लिया।

# खाद्य अधिकारियों ने प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर लिए नमूने

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। जिलाधिकारी के निर्देशानुसार जनपद में गर्मी के मौसम के दृष्टिगत संक्रामक बीमारियों की रोकथाम तथा उपभोक्ताओं को सुरक्षित खाद्य पदार्थों की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु खाद्य सुरक्षा विभाग अधिकारियों द्वारा वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी, नगर निगम, अभय कुमार सिंह के निर्देशन में हल्द्वानी क्षेत्र में विशेष अभियान चलाया गया।अभियान के दौरान विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों एवं शहर में संचालित हो रही चौपाटियों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय साफ-सफाई एवं स्वच्छता बनाए रखने हेतु संबंधित विक्रेताओं को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की जांच के उद्देश्य से इस दौरान पनीर के 02 नमूने, गेहूं का आटा तथा सोयाबीन रिफाइंड



तेल के नमूने विधिवत संकलित किए गए। साथ ही सोयाबीन तेल का नमूना भी जांच हेतु संग्रहित किया गया। वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी अभय कुमार सिंह ने बताया कि संकलित सभी नमूनों को परीक्षण हेतु राजकीय खाद्य प्रयोगशाला, रुद्रपुर प्रेषित किया गया है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरांत खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 एवं नियमावली 2011 के अंतर्गत नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने बताया यह अभियान जन स्वास्थ्य की सुरक्षा सुनिश्चित करने एवंहै उपभोक्ताओं को सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से संचालित किया गया। विभाग द्वारा इस प्रकार के अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेंगे।

# हज के लिए रवाना हुए शफी अहमद और कमरु निशा

बाजपुर (उद संवाददाता)। नगर पालिका परिषद वार्ड संख्या 06, मोहल्ला केशवनगर से शफी अहमद और उनकी पत्नी कमरु निशा हज के मुकद्दस सफर के लिए रवाना हुए। इस दौरान बड़ी संख्या में अकीदतमंदों ने उन्हें फूल मालाएं पहनाकर और गले मिलकर मुबारकबाद दी। मदीना मस्जिद केशवनगर के पेश इमाम हाफिज हाजी राहत अली ने इस मौके पर कहा कि वे मोमिन बहुत खुशकिस्मत होते हैं, जिन्हें अल्लाह के घर का दीदार करने का मौका मिलता है। उन्होंने बताया कि मजहब-ए-इस्लाम में हर सक्षम मुसलमान पर जीवन में एक बार हज करना फर्ज है।विदाई के इस मौके पर निवर्तमान सभासद मोहम्मद आसिफ, हाजी



मारुफ, नाजमा शेख, भाई जान चौधरी, फरीद अहमद, हाजी अब्दुल हनीफ, हाजी रईस अहमद, खलील अहमद, हफीज ठेकेदार, रईस अहमद मतपुरिया और सरफराज समेत भारी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे। सभी ने हज यात्रियों के लिए दुआएं मांगीं और उनके सफर के खैर-ओ-आफियत की कामना की।

# अवैध पौनिया, कारतूस बेल्ट संग युवक गिरफ्तार

सितारगंज ।पुलिस ने अवैध असलहा कारतूस और कारतूस बेल्ट बरामद कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पकड़ के बाद अनहोनी घटना घटित होने से बच गई। सरकड़ा चौकी इंचार्ज दीपक तिवारी ने दर्ज कराया मुकदमे में आरोप लगाया है कि अपर उपनिरीक्षक अमित कुमार सिपाही वीरेंद्र कुमार के साथ वे गस्त पर थे। मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने ग्राम खूनसरा ईट भट्टे के पास से फूममन सिंह पुत्र बंता सिंह ग्राम कौंधा रत्न की तलाशी में अवैध कारतूस और कारतूस बेल्ट बरामद हुई है।

# प्रोफेसर शिवेंद्र कश्यप बने पंतनगर विश्वविद्यालय के कुलपति

## शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए राष्ट्रपति पुरस्कार से हो चुके हैं सम्मानित

पंतनगर (उद संवाददाता)। राज्यपाल एवं कुलाधिपति लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने प्रोफेसर शिवेंद्र कुमार कश्यप को गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय पंतनगर का कुलपति नियुक्त किया है। प्रोफेसर शिवेंद्र कुमार



कश्यप को उनके द्वारा कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से 03 वर्ष अथवा 70 वर्ष की आयु पूर्ण होने तक की अवधि के लिए कुलपति नियुक्त किया गया है। प्रोफेसर शिवेंद्र कुमार कश्यप वर्तमान में कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर, गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय में ही कार्यरत हैं। प्रोफेसर शिवेंद्र कश्यप एक प्रतिष्ठित शिक्षाविद हैं, जिन्हें कृषि शिक्षा में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए आईसीएआर सर्वश्रेष्ठ शिक्षक पुरस्कार सहित अनेक सम्मान प्राप्त हुए हैं। उन्होंने पंतनगर विश्वविद्यालय में प्रोफेसर, कृषि संचार विभागाध्यक्ष, कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता, विश्व बैंक पोषित नाहेप परियोजना के प्रधान अन्वेषक, डीएसटी एंड टेक परियोजना के पीआई तथा अनेक अन्य परियोजनाओं में महत्वपूर्ण दायित्वों का निर्वहन किया है।उनका चयन भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय स्तर के लीडरशिप इन एजुकेशन कार्यक्रम के लिए किया गया, जिसके अंतर्गत उन्हें भावी शैक्षणिक नेतृत्वकर्ता के रूप में हैदराबाद विश्वविद्यालय तथा ऑस्ट्रेलिया के मोनाश विश्वविद्यालय में प्रशिक्षण प्राप्त हुआ। वर्ष 2019 से वे पंतनगर विश्वविद्यालय में रैंकिंग टीम के अध्यक्ष के रूप में कार्यरत हैं। उनके नेतृत्व में विश्वविद्यालय ने आईसीएआर रैंकिंग में राज्य कृषि विश्वविद्यालयों के बीच प्रथम स्थान प्राप्त किया और आईसीएआर सर्वश्रेष्ठ संस्थान पुरस्कार हासिल करने के साथ ही राष्ट्रीय स्तर पर अपनी रैंकिंग में उल्लेखनीय सुधार किया। उनके नेतृत्व एवं समन्वय के परिणामस्वरूप विश्वविद्यालय ने वैश्विक क्यूएस रैंकिंग में भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। नाहेप परियोजना के अंतर्गत उन्होंने पाँच वर्षों तक सभी महाविद्यालयों का प्रतिनिधित्व करने वाले 80 प्रतिभाशाली संकाय सदस्यों की बहुविषयक टीम का नेतृत्व किया। इस पहल के माध्यम से 40 संकाय सदस्यों एवं 200 विद्यार्थियों को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रशिक्षण प्राप्त हुआ।दूरदर्शी नेतृत्व का परिचय देते हुए उन्होंने परियोजना निधि का उपयोग करते हुए अनेक महत्वपूर्ण पहलें स्थापित कीं, जिनमें भारत का पहला पंतनगर संग्रहालय, कोविड काल के दौरान 65 स्मार्ट कक्षाएँ, सॉफ्ट स्किल एवं उन्नत प्रशिक्षण हेतु अधसंरचना, वर्चुअल लैब तथा प्रबंधन मंडल द्वारा अनुमोदित फैकल्टी डेवलपमेंट सेंटर आदि शामिल हैं। ये सभी पहलें आज भी विश्वविद्यालय को निरंतर लाभ प्रदान कर रही हैं। उन्होंने 1500 से अधिक सॉफ्ट स्किल विकास सत्रों का निर्माण एवं क्रियान्वयन किया है, जिनमें पाठ्यक्रम निर्माण, शिक्षण कौशल, प्रशासनिक कौशल, नेतृत्व क्षमता, प्रबंधन संचार तथा भाषा कौशल शामिल हैं। इनसे देशभर के संकाय सदस्यों एवं विद्यार्थियों को लाभ मिला है। उन्होंने 25 से अधिक पुस्तकों तथा 55 शोध पत्रों का लेखन किया है और 75 से अधिक अग्रणी अंतर्राष्ट्रीय विश्वविद्यालयों के साथ एक सशक्त संस्थागत नेटवर्क विकसित किया है। उनके कार्यभार ग्रहण करने से विश्वविद्यालय परिवार में हर्ष व्याप्त है।

SAHAS Homeo
साहस होम्यो मेडिकल स्टोर एवं क्लीनिक
जर्मन तथा सभी प्रकार के होम्योपैथिक व बायोकैमिक दवाईयों के विक्रेता



डॉ. यश पाण्डेय
होम्योपैथिक फिजिशियन
बी.एच.एम.एस., जयपुर
चर्म रोग | गुर्दा रोग | पेट रोग
गुदा रोग | लिवर सम्बन्धि रोग
अन्य रोग • स्पान्डीलाईटिस • श्वास रोग • मोटापा • दमा • प्रोस्टेट • माइग्रेन • टान्सिल • एलर्जी • ब्रोनकाइटिस
बच्चों के रोग • पेट का दर्द • अपच • कान में संक्रमण / दर्द • खांसी • जुकाम • निमोनिया • बुखार • दांत निकलना
साहस होम्यो क्लीनिक
निकट गुरुद्वारा, कालाढूंगी रोड, हल्द्वानी
मो. 9456727473, 9410514531 शनिवार अवकाश

# जिला योजना के लिए 74.13 करोड़ की धनराशि का अनुमोदन

## प्रभारी मंत्री प्रदीप बत्रा ने विकास कार्यों में तेजी लाने और शुद्ध पेयजल आपूर्ति के दिए निर्देश





रूद्रपुर( उद संवाददाता)। परिवहन, सूचना प्रौद्योगिकी एवं सुराज मंत्री तथा जनपद प्रभारी मंत्री प्रदीप बत्रा की अध्यक्षता में जिला योजना समिति की बैठक डॉ.एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में सम्पन्न हुई। प्रभारी मंत्री ने दीप प्रज्जलित कर बैठक का शुभारम्भ किया तथा समिति द्वारा जिला योजना वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिये 7413.20 लाख रूपए की धनराशि का अनुमोदन किया गया। जनपद प्रभारी मंत्री ने कहा कि सरकार सबका साथ, सबका विकास एवं सबका विश्वास के आधार पर कार्य कर रही है और निष्पक्षता से सभी जनप्रतिनिधियों के प्रस्तावों को योजना में शामिल किया जा रहा है। उन्होने कहा कि जिला योजना जनपद के विकास के लिए अति महत्वपूर्ण होती है। जनपद की अतिआवश्यक कार्यों के सम्पादन एवं जनपद की छोटे-छोटे विकास कार्यों मे होने वाले धन की कमी को पूरा करती है। श्री बत्रा ने कहा कि जिला योजना में शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, पशुपालन, सिंचाई, पेयजल पर विशेष फोकस किया गया है, जो कार्य अतिआवश्यक है उसे प्राथमिता से कार्ययोजना में शामिल किये गये है। उन्होने अधूरे विकास कार्यो को प्राथमिकता से पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होने सभी जनसमान्य को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने व नियमित पानी की टेस्टिंग कराने के भी निर्देश दिये। प्रभारी मंत्री ने कहा कि राज्य स्तर पर जो भी विकास कार्यों के प्रस्ताव लम्बित है उनमें शीघ्र धनराशि उपलब्ध कराने हेतु शासन स्तर पर वार्ता की जायेगी। उन्होने जिलाधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि सीएसआर मद के माध्यम से भी जनपद में अतिआवश्यक विकास कार्य करायें जाये।जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने बताया कि जिला योजना वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु 7413.20 लाख रूपये का अनुमोदन किया गया है। उन्होने बताया कि जिला योजना में स्वरोजगार, आजिविका परख योजनाओं के साथ ही शिक्षा, सड़क, स्वास्थ्य, पेयजल व नवाचार प्रस्तावों को प्राथमिकता से सम्मिलित किया गया है। उन्होने बताया कि जिला योजना में मुख्यत: माध्यमिक शिक्षा को 500 लाख, बेशिक शिक्षा को 498 लाख, स्वास्थ्य विभाग को 335 लाख, कृषि को 205 लाख, उद्यान को 239.25 लाख, सिंचाई को 547 लाख, लघु सिंचाई को 300 लाख, नलकूप को 225 लाख, सामुदायिक विकास को 334.14 लाख, पशुपालन को 195 लाख, जल संस्थान को 390 लाख, पेयजल निगम को 315 लाख, लोक निर्माण को 615 लाख, पंचायतीराज को 500 लाख अनुमोदित किये गये। उन्होने कहा कि प्रभारी मंत्री जी द्वारा जो दिशा-निर्देश दिये गये है उनका अनुपालन किया जायेगा।बैठक में अध्यक्ष जिला पंचायत अजय मौर्य, मेयर विकास शर्मा, दीपक बाली, ब्लांक प्रमुख चन्द्र प्रभा, ज्योति ग्रोवर, अनूप कौर, रीना गौतम, सांसद प्रतिनिधि कमल किशोर, प्रीत ग्रोवर, विधायक बाजपुर प्रतिनिधि डीके जोशी, जिला योजना समिति सदस्य अमित नारंग, जिला पंचायत सदस्य भास्कर सम्भल, सुरज नारायण, जिला योजना समिति सदस्य सचिव एवं मुख्य विकास अधिकारी दिवेश शाशनी, अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय, पीडी हिमांशु जोशी, संयुक्त सचिव एवं अर्थ एवं संख्याधिकारी नफील जीमल, जिला विकास अधिकारी सुशील मोहन डोभाल, मुख्य कृषि अधिकारी डॉ0 वीकेएस यादव, डीएफओ यूसी तिवारी, एमएनए शिप्रा जोशी, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 के0के0 अग्रवाल, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ0 आशुतोष जोशी, मुख्य उद्यान अधिकारी एसके शर्मा, प्रभारी मुख्य शिक्षा अधिकारी भानू प्रताप, सहित सम्बन्धित विभागों के अधिकारी व समिति के सदस्य आदि उपस्थित थे।

## सड़क पर जनता दरबार,नोडल अधिकारी ने गाड़ी के बोनट पर सुनीं जन समस्याएं

खटीमा। आमतौर पर यह माना जाता है कि समस्याओं के समाधान के लिए दफ्तरों के चक्कर लगाने पड़ते हैं, लेकिन खटीमा में एक अलग ही तस्वीर देखने को मिली। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नोडल अधिकारी दिनेश यादव ने सादगी और कर्तव्यनिष्ठा का अनोखा उदाहरण पेश किया।जानकारी के अनुसार, खटीमा स्थित कार्यालय में आम जनता की समस्याओं के निस्तारण के बाद दिनेश यादव देहरादून



के लिए रवाना हो रहे थे। इसी दौरान कुछ लोग अपनी शिकायतें लेकर पीडब्ल्यूडी कार्यालय पहुंचे। मौके पर मौजूद लोगों की समस्या को देखते हुए उन्होंने औपचारिकताओं को किनारे रख दिया।उन्होंने अपनी गाड़ी के बोनट को ही अस्थायी मेज बनाकर मौके पर ही लोगों के प्रार्थना पत्र स्वीकार किए। इतना ही नहीं, संबंधित अधिकारियों को फोन कर तत्काल समाधान के निर्देश भी दिए। इस दौरान न तो लोगों को कार्यालय आने के लिए कहा गया और न ही किसी अगली तारीख का इंतजार करने को कहा गया।स्थानीय लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह की कार्यशैली से प्रशासन के प्रति भरोसा मजबूत होता है।

## कैबिनेट मंत्री बत्रा ने किया बायोटेक भवन का लोकार्पण

### उत्पादकता बढ़ाने में जैवप्रौद्योगिकी की भूमिका अहम: प्रदीप बत्रा

पंतनगर। प्रदेश के परिवहन, सूचना प्रोद्योगिकी एवं सुराज, विज्ञान प्रोद्योगिकी एवं प्रोद्योगिकी मंत्री प्रदीप बत्रा ने गोविन्द वल्लभ पंत कृषि एवं प्रोद्योगिकी विश्वविद्यालय परिसर में उत्पादकता में जैवप्रौद्योगिकी की भूमिका महत्वपूर्ण है। उन्होंने वैज्ञानिक सोच तथा वैज्ञानिक तकनीकों सहित उत्पादों के आयात को बढ़ावा देने पर बल दिया। उन्होंने रसायन रहित फसल प्रोद्योगिकी भवन के प्रयोगशाला व पुस्तकालय का निरिक्षण भी किया। इस दौरान माननीय मंत्री को अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। निदेशक बायोटेक डॉ. संजय कुमार ने त किया। इस दौरान प्रगतिशील किसानों को सम्मानित किया गया।कार्यक्रम के अंत में एक पेड़ माँ के नाम मिशन के तहत वृक्षारोपण किया गया व मंत्री प्रदीप बत्रा ने रूद्राक्ष का पेड़ लगाया





बतौर मुख्य अतिथि जैव प्रोद्योगिकी परिषद मुख्यालय का लोकार्पण शिलापट्ट का अनावरण कर किया। इस कार्य का शुभारम्भ माननीय मंत्री श्री बत्रा ने दीप प्रज्ज्वलित कर व राष्ट्र गीत वन्देमातरम के गायन के साथ किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए प्रभारी मंत्री ने कहा कि कृषि उत्पादन हेतु जैवप्रौद्योगिकी आधारित प्रजातियों को विकसित करने के लिए वैज्ञानिकों को प्रेरित किया। माननीय मंत्री प्रदीप बत्रा ने परिषद के कई उत्पादों नैनो उर्वरक, हर्बल ग्रीन टी, हर्बल साबुन, समरानी कप व मशरूम अचार का विमोचन कर जनता को समर्पित किया। इससे पूर्व माननीय मंत्री ने जैव परिषद के समस्त गतिविधियों व नवीन योजनाओं को विभागीय मंत्री को अवगत कराया। निदेशक, यूसीबी ने बताया कि परिषद् का उद्देश्य शोध व विकास कार्यो को प्रदेश के किसानों, युवाओं व उद्यमियों तक पहुंचना है।अतिथि के रूप में पूर्व विधायक राजेश शुक्ला एवं प्रगतिशील किसान डॉ. एस.एस. गौरैया ने सम्बोधि ।कार्यक्रम का संचालन डॉ. मणिन्द्र मोहन व डॉ. कंचन कार्की ने किया।इस अवसर पर डॉ. समीना मेहताब, डॉ. रविन्द्र सिंह, डॉ. के.सी. वर्मा, डॉ. रत्ना राय, डॉ. आर. के. शर्मा, डॉ. आशुतोष मिश्रा, डॉ. गुरविन्दर सिंह सहित डॉ. सुमित पुरोहित सहित परिषद के अधिकारी, कर्मचारी, शोधार्थी उपस्थित रहे।

# प्रभारी मंत्री प्रदीप बत्रा का नगर निगम में जोरदार स्वागत

## महापौर के साथ शहर के विकास को लेकर हुई चर्चा, महापौर ने प्रभारी मंत्री को सौंपा 25 करोड़ का प्रस्ताव

रुद्रपुर। प्रदेश के परिवहन सूचना प्रोद्योगिकी एवं जनपद के प्रभारी मंत्री प्रदीप बत्रा का सोमवार को नगर निगम परिसर पहुंचने पर अभूतपूर्व स्वागत किया गया। महापौर विकास शर्मा के नेतृत्व में द्वारा संचालित विभिन्न जन हितकारी योजनाओं की समीक्षा की और शहर के चहुंमुखी विकास को लेकर विस्तृत चर्चा की। समीक्षा बैठक के दौरान महापौर विकास शर्मा ने प्रभारी मंत्री को अपने एक करोड़ रुपये का प्रस्ताव स्वीकृत कराने का आग्रह प्रभारी मंत्री से किया, ताकि क्षेत्रवासियों को लंबे समय से जलभराव और खराब सड़क की समस्या से निजात मिल सके।प्रभारी मंत्री प्रदीप बत्रा ने योजनाओं के लिए अपनी शुभकामनाएं प्रेषित कीं। मीडिया से रूबरू होते हुए कैबिनेट मंत्री ने स्पष्ट किया कि रुद्रपुर नगर निगम ने स्वच्छता के क्षेत्र में प्रदेश के सभी निगमों के बीच प्रथम स्थान प्राप्त बताया कि जिला योजना की बैठक में भी अधिकारियों को जनहित की योजनाओं में तेजी लाने के सख्त निर्देश दिए गए हैं। भाजपा सरकार में जनभावनाएं सर्वोपरि हैं और मुख्यमंत्री की जो भी खामियां हैं, उन्हें तत्काल दूर किया जा रहा है।आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर प्रदीप बत्रा ने कहा कि जनता का पूर्ण आशीर्वाद भारतीय जनता पार्टी के साथ है और धामी सरकार के







बड़ी संख्या में पहुंचे पार्टी कार्यकर्ताओं, पार्षदों और शहर की विभिन्न सामाजिक संस्थाओं से जुड़े प्रतिनिधियों ने कैबिनेट मंत्री का गर्मजोशी से अभिनंदन किया। नगर निगम में पहली बार पधारने पर महापौर ने प्रभारी मंत्री को शॉल ओढ़ाकर और स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका विधिवत सम्मान किया। इस दौरान प्रभारी मंत्री ने महापौर विकास शर्मा और नगर आयुक्त शिप्रा जोशी पाण्डे के साथ नगर निगम वर्ष के कार्यकाल की महत्वपूर्ण उपलब्धियों से अवगत कराया और आगामी विकास योजनाओं का खाका प्रस्तुत किया। महापौर ने विशेष रूप से नगर निगम क्षेत्र के वार्ड संख्या 32 में रेनबो स्कूल से आर.ए.एन. पब्लिक स्कूल तक की जर्जर सड़क के सुदृढ़ीकरण और जल निकासी हेतु नाला निर्माण का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। उन्होंने इस महत्वपूर्ण परियोजना के लिए जिला योजना से 25 महापौर विकास शर्मा के मात्र एक वर्ष के कार्यकाल में हुए विकास कार्यों की मुक्तकंठ से सराहना की। उन्होंने विशेष रूप से त्रिशूल चौक के सुंदरीकरण, वेंडिंग जोन की स्थापना और दशकों पुराने कूड़े के पहाड़ को हटाकर वहां सुंदर पार्क विकसित करने के ऐतिहासिक कार्य के लिए महापौर को बधाई दी। इसके साथ ही उन्होंने शिव कॉरिडोर और मिनी बाईपास जैसी आगामी महत्वाकांक्षी कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है, जो सीधे तौर पर धरातल पर दिखाई दे रहा है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में रुद्रपुर को स्मार्ट सिटी बनाने की दिशा में तेजी से कदम बढ़ाए जा रहे हैं। सरकार की प्राथमिकताओं का जिक्र करते हुए कैबिनेट मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के कुशल नेतृत्व में विकास की किरण अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक पहुंच रही है। उन्होंने स्वयं जन समस्याओं के निराकरण को लेकर बेहद गंभीर हैं। परिवहन मंत्रालय को लेकर उन्होंने कहा कि प्रदेश में परिवहन व्यवस्था को सुदृढ़ बनाना सरकार का मुख्य लक्ष्य है। विशेष रूप से चारधाम यात्रा को देखते हुए तीर्थयात्रियों के लिए उत्कृष्ट सुविधाओं का प्रबंध किया गया है। आने वाले समय में उत्तराखंड के सभी बस स्टेशनों का कायाकल्प किया जाएगा। विभाग ऐतिहासिक कार्य एक बार फिर प्रचंड जीत का मार्ग प्रशस्त करेंगे। प्रभारी मंत्री के स्वागत के दौरान भाजपा नेता प्रीत ग्रोवर, गुरमीत सिंह, अमित नारंग, वेद ठुकराल, धीरेन्द्र मिश्रा, पार्षद पवन राणा, पारस चुघ, राजन राठौर, अजय चड्डा,सुभाष छाबड़ा,अनुज पाठक, मानस जायसवाल, अनुज अग्रवाल, संजीव शर्मा, बलवंत अरोरा, रजत बिष्ट सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## ट्रंप की सुरक्षा में बड़ी सेंध

अमेरिका की राजधानी वाशिंगटन में मीडिया कर्मियों के लिए आयोजित रात्रिभोज में गोलीबारी की घटना ने दुनिया भर में सबके कान खड़े कर दिए हैं। यह वारदात ऐसे मौके पर हुई, जब यहां राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, उनकी पत्नी एवं प्रथम महिला मेलानिया ट्रंप समेत कई बड़े नेता मौजूद थे। हालांकि बाद में सुरक्षाकर्मियों ने हमलावर को गिरफ्तार कर लिया, लेकिन सवाल है कि विश्व की महाशक्ति होने का दंभ भरने वाले अमेरिका के राष्ट्रपति की सुरक्षा में अपने ही देश के भीतर इस तरह की चूक कैसे हो सकती है?कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच हमलावर आयोजन स्थल में सेंध लगाने में कैसे कामयाब हो गया! गोलीबारी की वजह से पूरे परिसर में अफरा-तफरी मच गई और ट्रंप को उनकी पत्नी के साथ तत्काल सुरक्षित स्थान पर ले जाना पड़ा। यह घटना सिर्फ अमेरिका के लिए नहीं, बल्कि उन तमाम देशों के लिए भी सबक है, जो मानते हैं कि उनके शीर्ष नेतृत्व की सुरक्षा अभेद्य है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि हमलावर ट्रंप प्रशासन के अधिकारियों को निशाना बनाना चाहता था, लेकिन यहां राष्ट्रपति की मौजूदगी से मामले की गंभीरता का अंदाजा सहज ही लगाया जा सकता है। गौरतलब है कि डोनाल्ड ट्रंप पर पहले भी दो बार हमले हो चुके हैं, हालांकि यह बात अलग है कि उस दौरान वे अमेरिका के राष्ट्रपति पद पर नहीं थे। मार्च 2016 में लास वेगास में राष्ट्रपति के चुनाव प्रचार के दौरान रैली में एक व्यक्ति ने मंच के पास पहुंचकर ट्रंप की सुरक्षा में तैनात पुलिस अधिकारी का हथियार छीनने की कोशिश की थी। हिरासत में पूछताछ में उसने स्वीकार किया था कि वह ट्रंप को नुकसान पहुंचाना चाहता था। इसके बाद जुलाई 2024 में चुनावी रैली में ट्रंप पर उस समय खतरनाक हमला हुआ था, जब वह मंच से भाषण दे रहे थे। मगर गनीमत रही कि हमलावर की ओर से चलाई गई गोली उनके दाहिने कान के ऊपरी हिस्से को छूकर निकल गई। यह बात समझ में आती है कि इन दो घटनाओं के दौरान ट्रंप राष्ट्रपति नहीं थे, इसलिए उनकी सुरक्षा का दायरा उतना बड़ा नहीं था, लेकिन उनके राष्ट्रपति होते हुए अगर सुरक्षा में किसी तरह की चूक होती है, तो व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठना स्वाभाविक है। इस घटना की शुरुआती जांच में एक बात यह भी निकलकर सामने आई है कि हमलावर सोशल मीडिया पर ट्रंप विरोधी टिप्पणियां करता रहा है और वह उस होटल में कुछ दिन पहले ठहरा था, जहां यह समारोह आयोजित किया गया था। यानी उसने आयोजन स्थल को पहले ही अच्छी तरह जांच परख लिया था और उसके बाद सुनियोजित तरीके से कार्यक्रम में घुसने की साजिश रची। यही नहीं खबरों के मुताबिक, हमलावर के परिवार ने उसकी मंशा को लेकर कानून प्रवर्तन एजेंसियों को पहले सतर्क भी किया था, लेकिन स्पष्ट है कि इस चेतावनी को गंभीरता से नहीं लिया गया। इस घटना के बाद राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि अगर यह कार्यक्रम व्हाइट हाउस में निर्माणाधीन सैन्य रूप से अत्यंत गोपनीय 'बालरूम' में हुआ होता, तो इस तरह की वारदात नहीं होती। अदालत ने इस निर्माण पर फिलहाल रोक लगा रखी है। मगर सवाल सिर्फ किसी एक सुरक्षित स्थान का नहीं है। राष्ट्रपति को दिनभर कई जगह कार्यक्रमों और बैठकों में हिस्सा लेना होता है। अमेरिका जैसे देश में राष्ट्र प्रमुख की सुरक्षा का घेरा दुनिया में सबसे मजबूत माना जाता है, लेकिन यहां भी अगर सुरक्षा में चूक हो जाए, तो इसे क्या कहा जाएगा?

# जनता मिलन कार्यक्रम में 42 शिकायतों का त्वरित निस्तारण

चम्पावत। मुख्य विकास अधिकारी डॉ. जी.एस. खाती की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट स्थित सभागार में साप्ताहिक श्जनता मिलनश कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान जनपद के विभिन्न क्षेत्रों आए 42 समस्याओं का निस्तारण किया गया। जनता मिलन के दौरान ग्राम ढकना बडोला निवासी श्रीमती नारायणी देवी ने विद्युत कनेक्शन और पानी की समस्या रखी, जिस पर मुख्य विकास अधिकारी ने विद्युत एवं जल संस्थान को संयुक्त रूप से त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिए। इसी क्रम में ग्राम मोराड़ी निवासी पूरन चन्द्र द्वारा पेयजल आपूर्ति की जांच और मानर तल्ला के महेश सिंह बोहरा द्वारा घर-घर जल योजना के तहत पानी न आने की शिकायत पर जल संस्थान व जल निगम को तत्काल वस्तुस्थिति स्पष्ट कर आपूर्ति सुचारू करने को कहा गया। ग्राम हरम की केसरी देवी ने मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना के तहत सहायता और चौकुनीबोरा की गीता बोहरा ने एकल महिला स्वरोजगार योजना के अंतर्गत लाभ की मांग की, जिस पर सीडीओ द्वारा उद्योग और समाज कल्याण विभाग को प्राथमिकता के आधार पर कार्यवाही कर शिकायतकर्ताओं को लाभान्वित करने के निर्देश दिए गए। कार्यक्रम में राशन कार्ड संबंधी शिकायतों पर सीडीओ डॉ. खाती ने कड़ा रुख अपनाते हुए प्रशासनिक समिति की बैठक के माध्यम से पंचायत




सचिवों को ग्राम पंचायत की बैठक बुलाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राशन कार्ड हेतु पात्र लोगों के बीपीएल कार्ड के प्रस्ताव पारित किए जाएं ताकि जरूरतमंदों को योजना का लाभ मिल सके। कृषि और राजस्व से संबंधित मामलों में, ग्राम सिलिंग की नन्दा देवी की पीएम किसान सम्मान निधि की रुकी हुई किश्त के लिए कृषि विभाग को निर्देशित किया गया। वहीं, ग्राम तल्ला बापरू के श्री गोविंद राम की खाता खतौनी में नाम संशोधन कर उन्हें किसान सम्मान निधि का लाभ दिलाने हेतु मुख्य कृषि अधिकारी को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए गए। घ्इसके अतिरिक्त, श्रीमती सुंदरी देवी ग्राम त्यारसौ की शिकायत का संज्ञान लेते हुए सीडीओ ने जिला युवा कल्याण अधिकारी को 15 मई तक मृतक आश्रित कोटे के तहत पीआरडी भर्ती हेतु फिजिकल परीक्षा आयोजित कराने के निर्देश दिए। लोहाघाट की विमला देवी की आवास की मांग पर ग्राम्य विकास विभाग को और जगदीश जोशी के पुत्री के विवाह अनुदान संबंधी आवेदन पर समाज कल्याण विभाग को तत्काल कार्यवाही हेतु आदेशित किया गया। ग्राम नघान की ईश्वरी देवी द्वारा पेयजल संकट, श्रीमती सुनीता द्वारा ग्राम मड़चमार में सीसी मार्ग निर्माण और श्रीमती किरण देवी द्वारा ग्राम सिलाड़ के बच्चों हेतु स्कूली वाहन की मांग पर भी संबंधित विभागों को समयबद्ध कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए गए। अन्य शिकायतों में भावना महर द्वारा शौचालय निर्माण, शकुन्तला देवी द्वारा क्षतिग्रस्त मकान के मुआवजे और पदम सिंह द्वारा सिंचाई गूल निर्माण सहित ज्योति देवी, नारायण सिंह, पूजा शर्मा, रवीश चंद्र आदि की शिकायतों पर भी त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित करने को कहा गया। कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी श्री कृष्णनाथ गोस्वामी, जिला विकास अधिकारी श्री दिनेश सिंह दिगारी, मुख्य शिक्षा अधिकारी श्री मान सिंह, मुख्य कृषि अधिकारी श्री धनपत कुमार, जिला पूर्ति अधिकारी प्रियंका भट्ट सहित विभिन्न जिला स्तरीय अधिकारी, जनप्रतिनिधि और फरियादी उपस्थित रहे।

# सितारगंज में यूसीमास राज्य स्तरीय प्रतियोगिता संपन्न

सितारगंज। 17वीं यूसीमास उत्तराखंड एबेकस एवं मेंटल एरिथमेटिक राज्य स्तरीय प्रतियोगिता 2026 का आयोजन सितारगंज स्थित मोमी गार्डन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस भव्य प्रतियोगिता में प्रदेशभर से करीब 500 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया और अपनी अद्भुत मानसिक गणना क्षमता का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में यूसीमास प्रीत विहार, रुद्रपुर के शिवांश पंत ने फर्स्ट रनर-अप, देवांश शाही ने मेरिट, नित्यश्री ने थर्ड रनर-अप, तेजस वर्मा ने थर्ड रनर-अप, काव्या सिंह ने थर्ड रनर-अप तथा मुदित ने थर्ड रनर-अप का स्थान प्राप्त कर ट्रॉफी जीती। वहीं लिसनिंग प्रतियोगिता में नित्यश्री ने फिफ्थ रनर-अप का खिताब हासिल किया। संस्थान की डायरेक्टर रेनू अरोरा ने बच्चों की इस उपलब्धि पर खुशी जताई।कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 8 बजे हुआ, जिसमें प्रतिभागियों ने मात्र 8 मिनट में 200 गणितीय प्रश्न हल कर अपनी




प्रतिभा का परिचय दिया। प्रतियोगिता में 1000 से अधिक अभिभावक, 100 से अधिक शिक्षक व यूनिट फ्रेंचाइजी तथा 70 स्वयंसेवकों ने सक्रिय भागीदारी निभाई।इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में कैबिनेट मंत्रीं नतंझी ठीनहनदं उपस्थित रहे। कार्यक्रम में यूसीमास उत्तराखंड के निदेशक धर्मेन्द्र सिंह, संयुक्त निदेशक ममता तोमर, डॉ. रंजन श्रीवास्तव (प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष, उद्यान विज्ञान विभाग, गोविंद बल्लभ पंत विश्वविद्यालय पंतनगर) सहित कई गणमान्य अतिथि मौजूद रहे। साथ ही उपकार सिंह बल (ब्लॉक प्रमुख, सितारगंज), सुखदेव सिंह (चेयरमैन, नगर निगम सितारगंज) और राजेश भट्ट (एसपी विजिलेंस, हाईकोर्ट नैनीताल) ने भी कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।अपराह्न 3 बजे से 6 बजे तक पुरस्कार वितरण समारोह एवं यूसीमास ग्रेजुएशन सेरेमनी का आयोजन किया गया, जिसमें विजेताओं और सफल प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया।यूसीमास उत्तराखंड के निदेशक धर्मेन्द्र सिंह और संयुक्त निदेशक ममता तोमर ने बताया कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं बच्चों में आत्मविश्वास, एकाग्रता और तीव्र सोच विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं तथा उन्हें राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती हैं।

# चम्पावत में विकास के साथ रोजगार की बहार, युवाओं को अपने ही क्षेत्र में मिला काम


चम्पावत। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में जनपद चम्पावत में संचालित विभिन्न विकास परियोजनाएं आज केवल आधारभूत संरचना को सुदृढ़ नहीं कर रहीं, बल्कि स्थानीय स्तर पर व्यापक रोजगार सृजन का सशक्त माध्यम बनकर उभर रही हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के मार्गदर्शन में 'आदर्श चम्पावत' की परिकल्पना को साकार करने की दिशा में उठाए जा रहे ठोस कदमों के परिणामस्वरूप हजारों स्थानीय युवाओं को अपने ही क्षेत्र में रोजगार के अवसर प्राप्त हो रहे हैं, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति सुदृढ़ हो रही है तथा पलायन पर भी प्रभावी रोक लग रही है। जनपद में चल रही विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत स्किल्ड एवं अनस्किल्ड दोनों प्रकार के श्रमिकों को बड़े पैमाने पर रोजगार उपलब्ध कराया गया है। विशेष बात यह है कि इन परियोजनाओं में स्थानीय युवाओं को प्राथमिकता दी जा रही है, जिससे विकास की गति के साथ-साथ स्थानीय सहभागिता भी सुनिश्चित हो रही है। जनपद में लोक निर्माण विभाग, उत्तराखंड शहरी क्षेत्र विकास एजेंसी (यूयूएसडीए), सीएनडीएस सहित अन्य प्रमुख कार्यदायी संस्थाओं द्वारा संचालित विभिन्न विकास कार्यों के माध्यम से ही हजारों स्थानीय युवाओं को रोजगार के अवसर प्राप्त हुए हैं। इन परियोजनाओं ने न केवल आधारभूत ढांचे को सुदृढ़ किया











है, बल्कि बड़ी संख्या में युवाओं को उनके अपने जनपद में ही आजीविका का सशक्त साधन उपलब्ध कराया है। उत्तराखंड शहरी क्षेत्र विकास एजेंसी (यूयूएसडीए) द्वारा जल आपूर्ति एवं पेयजल क्षेत्र में संचालित परियोजनाएं रोजगार सृजन का महत्वपूर्ण आधार बनी हैं। चम्पावत पेयजल योजना के अंतर्गत 105 से अधिक स्थानीय लोगों को रोजगार मिला है, जिसमें 4 इंजीनियर, 5 सुपरवाइजर, 9 सब-कॉन्ट्रैक्टर तथा लगभग 90 श्रमिक शामिल हैं। वहीं टनकपुर पेयजल योजना के अंतर्गत 70 से अधिक स्थानीय लोगों को रोजगार प्रदान किया गया है, जिनमें इंजीनियर, सुपरवाइजर, ऑपरेटर और श्रमिक सम्मिलित हैं। सीएनडीएस खेल इकाई द्वारा निर्माणाधीन लोहाघाट स्थित छमनिया स्पोर्ट्स कॉलेज में चल रहे निर्माण कार्य में कुल 170 कार्मिक कार्यरत हैं, जिनमें 77 स्थानीय नागरिक शामिल हैं। लोक निर्माण विभाग द्वारा संचालित साइंस सेंटर, सर्किट हाउस, सड़क एवं पुल निर्माण जैसे विभिन्न कार्यों में बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों को रोजगार प्राप्त हुआ है। रौशाल अनुभाग (लोहाघाट) के अंतर्गत ही 10 स्थानीय ठेकेदारों को कार्य आवंटित किया गया है, जो अपने साथ सैकड़ों स्थानीय लोगों को रोजगार दे रहे हैं। सिम्लटा-कांडा रोड, मुड़ियानी पुल एवं बस्टिया-अस्कोट मार्ग जैसे अन्य निर्माण कार्यों में 35 से अधिक स्थानीय लोगों को रोजगार मिला है। इसके अतिरिक्त भूमेश्वर-डुकलानी, धूनाघाट-बसौट मोटर मार्ग तथा क्षतिग्रस्त स्क्रबर के पुनर्निर्माण कार्यों में भी 40 से अधिक स्थानीय लोग कार्यरत हैं। नवोदय विद्यालय लोहाघाट, फायर स्टेशन (लोहाघाट एवं चम्पावत), छात्रावास निर्माण (राजकीय इंटर कॉलेज चम्पावत एवं कस्तूरबा गांधी टनकपुर), थाना एवं तहसील पाटी जैसे महत्वपूर्ण निर्माण कार्यों में 70 से अधिक स्थानीय लोगों को रोजगार मिला है। इससे न केवल आधारभूत ढांचा सुदृढ़ हो रहा है, बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिल रही है। महत्त्वाकांक्षी शारदा कॉरिडोर प्रोजेक्ट स्थानीय आजीविका के प्रमुख स्रोत के रूप में उभर रहे हैं। इस परियोजना के अंतर्गत 40 से अधिक स्थानीय युवाओं को प्रोजेक्ट मैनेजर, ऑपरेटर एवं सुपरवाइजर जैसे पदों पर नियुक्त किया गया है, जबकि ठेकेदारों के माध्यम से 32 अतिरिक्त स्थानीय लोगों को भी रोजगार मिला है। इसके साथ ही आपदा न्यूनीकरण से संबंधित कार्य भी स्थानीय रोजगार को बढ़ावा दे रहे हैं। मंच एवं चल्थी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के निर्माण कार्यों में स्थानीय ग्रामीणों को उनके घर के समीप ही रोजगार के अवसर प्राप्त हुए हैं, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सीधा लाभ मिल रहा है। इन प्रमुख परियोजनाओं के अतिरिक्त जनपद में संचालित विभिन्न छोटे-बड़े विकास कार्यों, ग्राम पंचायत स्तर की योजनाओं तथा अन्य विभागीय गतिविधियों के माध्यम से भी बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों को रोजगार उपलब्ध हो रहा है। विभिन्न कार्यस्थलों पर कार्यरत लोगों ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें अपने ही क्षेत्र में रोजगार मिलना उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लेकर आया है। 'वोकल फॉर लोकल' के दृष्टिकोण की सराहना करते हुए इसे क्षेत्रीय विकास का मजबूत आधार बताया है।

## ट्रैक्टर ट्राली चालक के खिलाफ केस दर्ज

काशीपुर। ट्रैक्टर ट्राली चालक द्वारा बाइक सवार युवक को टक्कर मारकर मौत के घाट उतारने के मामले में पुलिस ने मृतक के भाई की तहरीर पर चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है।ग्राम बरखेड़ा पाण्डे महुआखेड़ा गंज निवासी शेर खान पुत्र साबिर हुसैन ने आईटीआई कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसका भाई अमजद खान बीती 21 अप्रैल को बाइक सं. यूके06यू-8965 पर सवार होकर घर जा रहे था कि बरखेड़ी-काशीपुर रोड पर शमशान घाट के पास नहर की पुलिया पर शाम करीब 06.45 बजे सामने से आ रहे ट्रैक्टर ट्राली के चालक ग्राम छोटी बरखेड़ी निवासी गुरमीत सिंह पुत्र इकबाल सिंह ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी तथा ट्रैक्टर ट्राली मौके पर छोड़कर फरार हो गया। गंभीर रूप से घायल उसके भाई को पुलिस ने काशीपुर के सरकारी अस्पताल पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने उसके भाई को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर ट्रैक्टर ट्राली चालक के खिलाफ केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

## जिला चिकित्सालय में मरीजों को बड़ी राहत, बैठने के लिए लगीं दस नई बेंच

चम्पावत (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में आदर्श चम्पावत की संकल्पना को धरातल पर उतारने के प्रयासों के तहत जनपद में जनकल्याणकारी योजनाओं को लगातार विस्तार दिया जा रहा है। इसी कड़ी में जिला चिकित्सालय चम्पावत में स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुव्यवस्थित एवं जनसुलभ बनाने के लिए 10 नई प्रतीक्षालय बेंच स्थापित की गई हैं। सर्वे सन्तु निरामया: की भावना से प्रेरित इस पहल का मुख्य उद्देश्य अस्पताल में उपचार के लिए आने वाले मरीजों और उनके तीमारदारों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना है। पूर्व में चिकित्सालय में बैठने की पर्याप्त व्यवस्था न होने के कारण दूर-दराज से आने वाले लोगों को काफी असुविधा का सामना करना पड़ता था। अब इन नई बेंचों की स्थापना से अस्पताल



में आने वाले लोगों को प्रतीक्षा के दौरान समुचित बैठने की जगह मिलेगी, जिससे उन्हें एक सहज और सुविधाजनक वातावरण प्राप्त होगा।जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग का मानना है कि इस कदम से अस्पताल की आधारभूत सुविधाओं में गुणात्मक सुधार सुनिश्चित हुआ है। मुख्यमंत्री के निर्देशों के क्रम में जनपद में स्वास्थ्य एवं जनसुविधाओं से जुड़ी अन्य समस्याओं का भी प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जा रहा है, ताकि आम जनमानस को सरकारी सेवाओं का लाभ बिना किसी कठिनाई के मिल सके।

# प्रभार के पहाड़ तले दबी जिले की शिक्षा व्यवस्था

## आदर्श राजकीय इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य का पद रिक्त, शिक्षा व्यवस्था पटरी से उतरी

**हनीफ बाबा**

सितारगंज। क्षेत्र के प्रतिष्ठित और सबसे बड़े शिक्षण संस्थानों में से एक, मुख्य आदर्श राजकीय इंटर कॉलेज वर्तमान में प्रशासनिक अनदेखी और अव्यवस्थाओं की मार झेल रहा है। विद्यालय में लंबे समय से स्थायी प्रधानाचार्य की नियुक्ति न होने के कारण न केवल प्रशासनिक कार्य ठप पड़े हैं, बल्कि छात्र-छात्राओं के भविष्य पर भी संकट के बादल मंडराने लगे हैं।विद्यालय की कमान वर्तमान में फिजिक्स के प्रवक्ता शरद चंद्र पंत को बतौर प्रभारी सौंपी गई है। प्रधानाचार्य की अनुपस्थिति में उन पर स्कूल के प्रशासनिक कार्यों, पत्राचार, मिड-डे मील प्रबंधन, बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी और दैनिक अनुशासन बनाए रखने का भारी बोझ है।इस स्थिति का सबसे बड़ा दुष्प्रभाव शिक्षण कार्य पर पड़ रहा है। पंत फिजिक्स विषय के विशेषज्ञ प्रवक्ता हैं, लेकिन प्रशासनिक जिम्मेदारियों में व्यस्त रहने के कारण वह अपनी कक्षाओं को पर्याप्त समय नहीं दे पा रहे हैं। नतीजतन, उनके विषय के छात्र पढ़ाई से वंचित रह जा रहे हैं। प्रधानाचार्य शरद चंद पंत ने बताया कि प्रधानाचार्य का प्रभार और अन्य कार्य वह देख रहे हैं। प्रवक्ता होने के कारण शिक्षण व्यवस्था पर प्रतिकूल असर पड़ रहा हैं। सीईओ हरेंद्र मिस्र, बीईओ भानुप्रताप कुशवाह से इस संबंध में अलग अलग फोन पर संपर्क किया। लेकिन फोन रिसीव न होने से पक्ष नहीं लिया जा सका। **जिले में भी एक कंधे पर कई जिम्मेदारियां :** शिक्षा विभाग के उच्च पदों पर बैठे अधिकारियों के पास एक साथ कई विभागों की जिम्मेदारी होने से फाइलों का निस्तारण और स्कूलों का निरीक्षण पूरी तरह प्रभावित है। मुख्य शिक्षा अधिकारी का पद भी प्रभार पर टिका हुआ हैं। जिले में शिक्षा विभाग की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी श्मुख्य शिक्षा अधिकारीश और श्माध्यमिक शिक्षा अधिकारीश का पद भी स्थायी नहीं है। वर्तमान में प्राथमिक शिक्षा अधिकारी हरेंद्र मिश्रा ही इन दोनों बड़े और महत्वपूर्ण पदों का अतिरिक्त कार्यभार संभाल रहे हैं। मुख्य शिक्षा अधिकारी कुंवर सिंह रावत के सेवानिवृत्त होने के बाद से रिक्त हुए पदों को भरने के बजाय प्रभार सौंपकर काम चलाया जा रहा है।**ब्लॉक स्तर पर भी यही हाल सितारगंज :** खंड शिक्षा अधिकारी भानु प्रताप कुशवाहा के पास भी दोहरी जिम्मेदारी है। वे सितारगंज के साथ-साथ खटीमा ब्लॉक का कार्यभार भी देख रहे हैं। ब्लॉक और स्कूल तक के पद रिक्त हैं, एडिशनल चार्ज पर चल रहे हैं, तो उत्तराखंड की शिक्षा व्यवस्था को श्आदर्शश बनाने का सपना कैसे पूरा होगा विभाग की इस सुस्ती का खामियाजा सीधे तौर पर नौनिहालों को भुगतना पड़ रहा है।


क्या अंग्रेजी दवाईयां आपका रोग ठीक करने में नाकाम हैं तो मिलें-

विजय आयुर्वेद क्लीनिक
पंचकर्म सेन्टर

निम्न रोगों के इलाज में 16 वर्षो का अनुभवः-

पार्किंसन्स, अल्जाइमर, मानसिक विकार. निःसन्तान स्त्री-पुरुष की सभी चिकित्सायें, ट्यूब ब्लॉक, सिस्ट, कीटाणु की कमी आदि। डिस्क प्रोलेप्स सर्वाइकल, गठिया, घुटने का दर्द. किडनी रोग (डायलिसिस से पहले) लीवर सिरोसिस, हैपेटाइटिस B&C, Fatty Liver प्रोस्टेट रोग

असाध्य एवं लाइलाज रोगियों की चिकित्सा शुद्ध आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा की जाती है।

DR. VIJAY PRAKASH MISHRA
M.D. (Ayurveda)
Mob.: 9410897970

DR. ASHWINI MISHRA
M.D. (Ayurveda)
स्त्री एवं त्वचा रोग

मिलने का समय : प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक (शुक्रवार अवकाश)

होटल राजश्री के सामने, गली नं० 2, डॉक्टर्स कालोनी
डी । डी 2 सिविल लाईन, रुद्रपुर (ऊधम सिंह नगर) उत्तराखण्ड


# आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का धरना जारी

किच्छा (उद संवाददाता)। अपनी मांगों को लेकर पिछले 26 दिनों से आंदोलनरत आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का धरना भीषण गर्मी के बावजूद जारी है। मंगलवार को किच्छा कोतवाली के सामने अंबेडकर पार्क में धरना दे रही कार्यकर्ताओं के बीच पूर्व विधायक राजेश शुक्ला पहुंचे। उन्होंने कार्यकर्ताओं की समस्याएं सुनीं और उनकी जायज मांगों को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी तक पहुंचाने का भरोसा दिलाते हुए धरना समाप्त करने की अपील की।पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां समाज के महत्वपूर्ण कार्यों को संपन्न करती हैं, उनकी मांगों पर मुख्यमंत्री से वार्ता कर उचित समाधान निकालने का



पूरा प्रयास किया जाएगा। ब्लॉक अध्यक्ष कुसुम लता ने पूर्व विधायक के सम्मुख अपनी पीड़ा रखते हुए कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से हर क्षेत्र में कार्य लिया जाता है, लेकिन वर्तमान महंगाई के दौर में उन्हें मिलने वाला मानदेय बेहद कम है। उन्होंने स्पष्ट किया कि कार्यकर्ताओं की मुख्य मांग मानदेय को बढ़ाकर 24,000 रुपये करने की है।इसके अतिरिक्त कार्यकर्ताओं ने मांग उठाई कि सेवा समाप्ति पर मिलने वाली धनराशि को दोगुना किया जाए और वर्तमान में प्रतिमाह होने वाली 300 रुपये की कटौती को तत्काल बंद किया जाए। कार्यकर्ताओं ने रोष व्यक्त किया कि इतने दिनों से आंदोलन चलने के बावजूद शासन-प्रशासन द्वारा उनकी सुध नहीं ली गई है। इस दौरान मुन्नी ठाकुर, नितिन चरण वाल्मीकि, गोल्डी गोराया सहित बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां उपस्थित रहीं।

# सात कन्याओं ने किया टीवीएस शोरूम का भव्य उद्घाटन

शक्तिफार्म (उद संवाददाता)। टैगोर नगर रोड पर सोमवार को अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस हालदार टीवीएस शोरूम का भव्य शुभारंभ किया गया। उद्घाटन समारोह की खास बात यह रही कि हर्षिता हालदार सहित सात कन्याओं ने शुभ मुहूर्त में फीता काटकर शोरूम का उद्घाटन किया। इससे पूर्व वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच विधिवत पूजा-अर्चना संपन्न हुई, जिससे पूरा वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से भर गया। शक्तिफार्म में इस नए प्रतिष्ठान के खुलने से न केवल स्थानीय लोगों में उत्साह है, बल्कि क्षेत्र में व्यापारिक संभावनाओं को भी नई ऊर्जा मिली है। शोरूम स्वामी एवं भाजपा नेता विश्वजीत हालदार ने इस अवसर पर



कहा कि यह शोरूम शक्तिफार्म के विकास और आत्मनिर्भरता की दिशा में एक ठोस कदम है। उनका संकल्प है कि क्षेत्र के लोगों को बड़े शहरों जैसी सुविधाएं और बेहतर गुणवत्ता वाली सेवाएं यहीं उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने ग्राहक सेवा में पारदर्शिता और भरोसे को अपनी प्राथमिकता बताते हुए कहा कि यह प्रतिष्ठान स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन और अर्थव्यवस्था को गति देने में सहायक होगा। इस गरिमामयी अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष सुमित मंडल, गोपाल रावत, दीपक कालरा, विक्रम सिंह, राकेश बिष्ट, गोविंद तालुकदार, विष्णु प्रमाणिक, निरंजन हीरा, उत्तम मंडल, निगम पांडे, अशोक बाला, रोहित हालदार, अंकित बाला, नमिता हालदार और पुष्पा रॉय सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने इस पहल को शक्तिफार्म के आधुनिक स्वरूप की ओर एक बड़ा कदम बताया।

# पत्रकारों से अभद्रता पर भड़के विधायक मनोज तिवारी

अल्मोड़ा।नगर में एक प्राइवेट नर्सिंग कॉलेज के संचालक द्वारा हाल ही में पत्रकारों के साथ कथित अभद्र व्यवहार



किए जाने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है।इस घटना पर अल्मोड़ा विधायक मनोज तिवारी ने कड़ा रुख अपनाते हुए गहरा रोष व्यक्त किया है और प्रशासन से तत्काल व सख्त कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने इस प्रकरण को लोकतंत्र के चौथे स्तंभ पर सीधा हमला बताते हुए इसे अत्यंत गंभीर बताया है।विधायक मनोज तिवारी ने कहा कि पत्रकार लोकतंत्र की रीढ़ होते हैं और समाज के हर वर्ग की आवाज को शासन-प्रशासन तक पहुंचाने का कार्य करते हैं। ऐसे में उनके साथ किसी भी प्रकार की अभद्रता न केवल निंदनीय है, बल्कि लोकतांत्रिक मूल्यों के भी खिलाफ है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जो व्यक्ति पत्रकारों की गरिमा को ठेस पहुंचा सकता है, उसके व्यवहार पर स्वाभाविक रूप से सवाल उठते हैं कि वह आम जनता, विद्यार्थियों और संस्थान में कार्यरत शिक्षकों के साथ कैसा व्यवहार करता होगा।उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि संबंधित नर्सिंग इंस्टीट्यूट का यह पहला मामला नहीं है, बल्कि पूर्व में भी इस संस्थान से जुड़े कई विवाद सामने आ चुके हैं, जो नैतिकता और अनुशासन के विपरीत रहे हैं। ऐसे में उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि केवल इस घटना तक सीमित न रहते हुए पूरे संस्थान की कार्यप्रणाली, गतिविधियों और वास्तविक स्थिति की गहन जांच कराई जाए, ताकि सच्चाई सामने आ सके।विधायक ने कहा कि यदि समय रहते ऐसे मामलों पर सख्ती नहीं बरती गई तो इससे गलत प्रवृत्तियों को बढ़ावा मिलेगा और समाज में गलत संदेश जाएगा।उन्होंने प्रशासन को चेतावनी भरे अंदाज में कहा कि इस प्रकरण में किसी भी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषियों के खिलाफ कठोर से कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जानी चाहिए।इस पूरे घटनाक्रम के बाद पत्रकार संगठनों में भी रोष व्याप्त है। विधायक ने इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए प्रशासन से निष्पक्ष जांच की मांग की है।उनका कहना है कि यदि पत्रकार ही सुरक्षित नहीं रहेंगे, तो समाज में सच्चाई सामने लाना मुश्किल हो जाएगा। उन्होंने कहा कि शिक्षा संस्थान समाज के लिए आदर्श होने चाहिए, जहां अनुशासन, सम्मान और नैतिकता का वातावरण हो। यदि ऐसे संस्थानों में ही इस तरह की घटनाएं सामने आती हैं, तो यह बेहद चिंताजनक है।

## पेज एक का शेष...

**विधानसभा विशेष सत्र में ...**कि केंद्र सरकार द्वारा लाया गया नारी शक्ति वंदन अधिनियम एक ऐतिहासिक कदम था, जिसका उद्देश्य महिलाओं को विधायिका में उचित प्रतिनिधित्व देना है। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष ने राजनीतिक कारणों से इस पहल का समर्थन नहीं किया। मुख्यमंत्री के इस बयान पर सदन में विपक्ष ने तीखी प्रतिक्रिया दी और सरकार पर गलत तथ्य प्रस्तुत करने का आरोप लगाया, जिसके चलते हंगामा और तेज हो गया। मुख्यमंत्री ने ऐतिहासिक उदाहरणों का उल्लेख करते हुए कहा कि देश के इतिहास में नारी शक्ति के अनेक प्रेरणादायक उदाहरण रहे हैं। उन्होंने रानी लक्ष्मीबाई, सावित्री बाई फुले, कल्पना चावला, तीलू रौतेली, जिया रानी, रानी कर्णावती और गौरा देवी का उल्लेख करते हुए कहा कि महिलाओं ने हर दौर में अपनी क्षमता और साहस का परिचय दिया है। उन्होंने कहा कि एक शिक्षित महिला न केवल अपने परिवार बल्कि पूरे समाज और राष्ट्र के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में सदन से अपील की कि उत्तराखंड विधानसभा एकमत से केंद्र सरकार के इस प्रयास का समर्थन करे और महिला सशक्तिकरण जैसे महत्वपूर्ण विषय पर राजनीति से ऊपर उठकर निर्णय लिया जाए। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति के सम्मान और अधिकार सुनिश्चित करने के लिए सभी दलों को एकजुट होकर कार्य करना चाहिए। सत्र के दौरान विपक्ष ने भी सरकार को घेरने की रणनीति अपनाई और महिला आरक्षण के मुद्दे पर केंद्र और राज्य सरकार की नीतियों पर सवाल उठाए। विपक्ष का कहना था कि सरकार इस विषय पर राजनीतिक लाभ लेने का प्रयास कर रही है, जबकि वास्तविकता कुछ और है। सत्र के दौरान लगातार हंगामे के बीच भी चर्चा जारी रही और महिला आरक्षण का मुद्दा सदन में केंद्र में बना रहा। समाचार लिखने तक सदन में चर्चा जारी थी।

**बेनी नदी के पास...**रही धूल से लोगों को सांस संबंधी बीमारियों का खतरा बना हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र के कई लोग खांसी, एलर्जी और अन्य समस्याओं से जूझ रहे हैं और अस्पताल में भी चिकित्सकों द्वारा धूल के संक्रमण को इसका कारण बताया जा रहा है। विरोध की सूचना मिलते ही कैलाश माइन के वरिष्ठ कर्मचारी मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों से वार्ता कर उनकी समस्याएं सुनीं। कर्मचारियों ने आश्वासन दिया कि उनकी मांगों को उच्च अधिकारियों तक पहुंचाया जाएगा और जल्द ही समाधान निकालने का प्रयास किया जाएगा। ग्रामीणों के बढ़ते आक्रोश को देखते हुए माइंस प्रबंधन ने एहतियात के तौर पर अस्थायी चेक पोस्ट को कुछ समय के लिए बंद भी कर दिया। मौके पर कोतवाली प्रभारी प्रकाश सिंह दानू भी पहुंचे और स्थिति का जायजा लेते हुए कानून व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने ग्रामीणों से शांति बनाए रखने की अपील करते हुए भरोसा दिलाया कि प्रशासन उनकी समस्याओं को गंभीरता से ले रहा है और उचित कार्रवाई की जाएगी। बीडीसी सदस्य ललित मोहन ने कहा कि चेक पोस्ट के कारण गांव में प्रवेश और निकासी दोनों ही प्रभावित हो रहे हैं, जिससे लोगों को घंटों जाम में फंसना पड़ रहा है। उन्होंने विशेष रूप से स्कूल समय का जिक्र करते हुए कहा कि बच्चों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। प्रधान संघ के अध्यक्ष वीरेंद्र यादव ने भी कड़ी नाराजगी जताते हुए कहा कि लिंक मार्ग पर इस तरह के चेक पोस्ट लगाना पूरी तरह अनुचित है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही चेक पोस्ट को हाईवे पर शिफ्ट नहीं किया गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। खनन विभाग के अधिकारी भी मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने ग्रामीणों की शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए सभी पक्षों को ध्यान में रखकर उचित निर्णय लेने का आश्वासन दिया। इस दौरान प्रधान संघ अध्यक्ष वीरेंद्र यादव, प्रधान संघ उपाध्यक्ष कविता तिवारी खामियां नंबर दो प्रधान, शांतिपुरी नंबर 3 के प्रतिनिधि ललित बिष्ट, जवाहर नगला के मोहन पांडे प्रधान पति, इंदर मेहता, कैलाश माइन के वरिष्ठ कर्मचारी उमाशंकर, बीटीसी ललित बिष्ट, हल्का पटवारी दीपक सहित सैकड़ों ग्रामीण मौके पर मौजूद रहे।

**विधायक ने विधासभा...**रेंग रही है, जिसके कारण गन्ना किसान भुखमरी की कगार पर पहुँच गए हैं। विधायक ने तत्काल बकाया भुगतान की मांग करते हुए कहा कि जब तक किसानों को उनका हक नहीं मिल जाता, उनका संघर्ष जारी रहेगा। विधानसभा गेट पर गन्ना पलटने की घटना के बाद मौके पर भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया और ट्रैक्टर को वहां से हटाने की प्रक्रिया शुरू की गई। सत्तापक्ष ने इस कृत्य की निंदा करते हुए इसे सदन की गरिमा के खिलाफ बताया, वहीं कांग्रेस ने इसे किसानों की जायज आवाज करार दिया।

**पहचान छिपाकर ...** इस तरह का कृत्य कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कोतवाली के बाहर हंगामा कर रहे प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी है कि यदि आरोपी को जल्द सलाखों के पीछे नहीं भेजा गया, तो पूरे जनपद में उग्र आंदोलन छेड़ा जाएगा। प्रदर्शन के दौरान स्थानीय व्यापारियों ने व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद रखकर अपना विरोध दर्ज कराया। मौके पर पहुंचे पुलिस अधिकारियों ने उत्तेजित भीड़ को शांत करने का प्रयास किया और आश्वासन दिया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और जल्द ही आरोपी को हिरासत में ले लिया जाएगा। फिलहाल, पूरे इलाके में पुलिस की कड़ी निगरानी बनी हुई है।

**नानक सागर...**मौत डूबने से हुई है या इसके पीछे कोई अन्य कारण है, यह स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा। पुलिस परिजनों से भी पूछताछ कर रही है ताकि घटना की कड़ियों को जोड़ा जा सके।

**एएसआई संजय खाती...**परिजन घबरा गए। आनन-फानन में उन्हें 108 एंबुलेंस के जरिए नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।इस हृदयविदारक घटना की सूचना मिलते ही पुलिस महकमे के अधिकारी और सहकर्मी मौके पर पहुंच गए। रुद्रपुर कोतवाली के एसएसआई अनिल जोशी ने बताया कि शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मंगलवार सुबह एसआई धीरज टम्टा द्वारा कानूनी औपचारिकताएं पूरी की गईं। विभाग के सहकर्मियों ने संजय खाती को एक बेहद जिम्मेदार और कर्तव्यनिष्ठ अधिकारी बताया। पुलिस लाइन में उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी जाएगी। फिलहाल, मौत के सटीक कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल सकेगा, लेकिन इस अचानक हुई क्षति से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

**पिंजरे में कैद...**इसकी पुष्टि करेगा। गौरतलब है कि भीमताल ब्लॉक के धारी और आसपास के इलाकों से अब तक कुल 8 गुलदार पकड़े जा चुके हैं। वन विभाग ने अभी भी ग्रामीणों से शाम के समय अकेले बाहर न निकलने और बच्चों की विशेष निगरानी करने की अपील की है। इलाके में विभाग की गश्त और निगरानी निरंतर जारी है।

**सड़क हादसे में ..**हल्द्वानी ले जाया गया। दीपक ने रात्रि में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। वहीं दूसरे युवक की हालत भी चिंताजनक बताई जा रही है। मामले की सूचना मिलने पर पुलिस ने दीपक के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाऊस भिजवाया। घटना से मृतक दीपक के माता पिता, बहन व अन्य परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।


**सम्बध विच्छेद**

मैने अपने पुत्र साहिल व पुत्रवधु निशा को गलत व्यवहार के चलते अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है, भविष्य में मेरा इनसे कोई सम्बध नही है।

कमलेश देवी पत्नी राजेन्द्र सिंह
निवासी बंगाली कालौनी नानकमत्ता
जिला-उधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड



संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड, रुद्रपुर, ऊधमसिंहनगर ( उत्तराखण्ड )से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com, www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# गदरपुर में भूमि विवाद को लेकर बवाल, प्रदर्शनकारियों ने फूंका पुतला

गदरपुर/गूलरभोज। क्षेत्र में भूमि विवाद को लेकर तनाव बढ़ता जा रहा है। बुक्सा जनजाति समाज से जुड़े इस मामले ने अब उग्र रूप ले लिया है। सोमवार को गूलरभोज क्षेत्र में समाज के लोगों ने एकत्र



होकर जोरदार विरोध-प्रदर्शन किया और विधायक के खिलाफ नारेबाजी करते हुए उनका पुतला फूंका। बताया जा रहा है कि यह विवाद एक जमीन को लेकर है, जिसमें विधायक के पुत्र पर जमीन हड़पने के गंभीर आरोप लगाए गए हैं। आरोप है कि संबंधित भूमि को कथित रूप से अपने नाम करवाकर आगे बेच दिया गया। इस मामले के सामने आने के बाद बुक्सा समाज में भारी नाराजगी देखने को मिल रही है।प्रदर्शनकारियों का कहना है कि विधायक अरविंद पांडेय ने सत्ता की हनक की वजह से अपने पुत्र अतुल पांडे को अतुल कुमार दिखाया बेटे की उम्र 2011 में कागजों में 42 वर्ष दिखायी जबकि उस समय अतुल नाबालिग था और अपना पता भी गलत दिखाकर गलत तरीके से जमीन अपने बेटे के नाम करवायी इसी के चलते समाज के लोगों ने खुलकर विरोध दर्ज कराया और प्रशासन से निष्पक्ष कार्रवाई की मांग की।स्थिति की गंभीरता को देखते हुए जिला प्रशासन भी सक्रिय हो गया है। जिलाधिकारी ने पूरे प्रकरण का संज्ञान लेते हुए जांच के आदेश दिए हैं। प्रशासन की ओर से लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की जा रही है, हालांकि क्षेत्र में तनाव अभी भी बना हुआ है।राजनीतिक दृष्टि से भी यह मामला तूल पकड़ता जा रहा है। विपक्षी दलों ने इस मुद्दे को लेकर सरकार और विधायक पर निशाना साधना शुरू कर दिया है। आने वाले दिनों में जांच में क्या तथ्य सामने आते हैं और प्रशासन इस विवाद को किस तरह सुलझाता है, इस पर सभी की नजरें टिकी हुई हैं।

# बेटे पर लगे आरोपों के बाद भावुक हुए विधायक पांडे, जांच की मांग

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। काशीपुर में आयोजित भारतीय जनता पार्टी के जिला प्रशिक्षण वर्ग की बैठक के दौरान पूर्व शिक्षा मंत्री और गदरपुर विधायक अरविंद पांडे का भावुक बयान सियासी गलियारों में चर्चा का विषय बन गया है। पुत्र अतुल पांडे पर जमीन धोखाधड़ी के गंभीर आरोप लगने के बाद पहली बार मीडिया के सामने आए विधायक ने खुद को 'अपराधी' बताते हुए मामले की उच्च स्तरीय जांच की मांग की। उन्होंने स्पष्ट किया कि जब तक उनके परिवार पर



लगे आरोपों का सच सामने नहीं आता, वे चौन से नहीं बैठेंगे।विधायक अरविंद पांडे ने मुख्यमंत्री से अपील करते हुए कहा कि इस प्रकरण की जांच आधुनिक और वैज्ञानिक पद्धतियों से कराई जाए। उन्होंने सुझाव दिया कि मामले की तह तक जाने के लिए दोनों पक्षों का पॉलीग्राफ और नार्को टेस्ट कराया जाना चाहिए ताकि दूध का दूध और पानी का पानी हो सके। उन्होंने भावुक होकर कहा कि एक विधायक होने के नाते उन पर लगने वाले आरोप पूरी पार्टी की छवि को प्रभावित करते हैं। यदि वे दोषी पाए जाते हैं तो वे पार्टी पर बोझ बनकर नहीं रहना चाहते, क्योंकि वे राजनीति में पद के लिए नहीं बल्कि इंसानियत की सेवा के लिए आए हैं। इस दौरान अरविंद पांडे ने प्रशासनिक अधिकारियों की कार्यशैली पर भी तीखा हमला बोला। उन्होंने कुछ अधिकारियों पर अपनी छवि के घमंड में निर्दोष युवाओं को परेशान करने और उन्हें गलत दिशा में धकेलने का आरोप लगाया। काशीपुर की एक हालिया घटना का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि बुजुर्गों के साथ अपमानजनक व्यवहार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। विधायक ने वर्तमान राजनीति पर तंज कसते हुए कहा कि आज कई नेता केवल दिखावे तक सीमित रह गए हैं, जबकि वे अपने सिद्धांतों और मूल्यों के लिए किसी भी हद तक जाने को तैयार हैं। भाजपा की इस महत्वपूर्ण बैठक में दिए गए इस बयान ने प्रदेश की राजनीति में हलचल मचा दी है।

# कांग्रेस के नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्षों का जोरदार स्वागत

रुद्रपुर। कांग्रेस जिला कार्यालय पर जिलाध्यक्ष हिमांशु गावा के नेतृत्व में नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्षों के सम्मान में एक भव्य स्वागत समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्ष अशोक राय, पवन बिष्ट और नासिर अली का कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं के साथ जोरदार स्वागत कर उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष हिमांशु गावा ने कहा कि संगठन की मजबूती के लिए बूथ स्तर पर कार्य करना आवश्यक है। उन्होंने



नवनियुक्त अध्यक्षों को शुभकामनाएं देते हुए विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में कांग्रेस की नीतियां जन-जन तक पहुंचेंगी। पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने कहा कि कांग्रेस हमेशा से जनता की आवाज उठाती रही है और नए पदाधिकारियों की ऊर्जा से आगामी चुनावों में पार्टी को बड़ी मजबूती मिलेगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर जनविरोधी नीतियों के खिलाफ संघर्ष करने का आह्वान किया। महानगर अध्यक्ष ममता रानी ने कहा कि संगठन में युवाओं और अनुभवी कार्यकर्ताओं का मेल ही पार्टी की सफलता का आधार है। उन्होंने नवनियुक्त अध्यक्षों से महिलाओं और युवाओं को पार्टी से जोड़ने के लिए विशेष प्रयास करने की अपील की। स्वागत समारोह के दौरान पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ. अजय कुमार सिंह, गोपाल भसीन, सतीश कुमार, उमा सरकार और ज्योति टम्टा सहित कई वरिष्ठ नेताओं ने भी अपने विचार रखे। इस दौरान मुख्य रूप से ललित, शाहिद अली, अबरार भाई, बाबू विश्वकर्मा, बेबी सिकदर, मानस बैरागी, फरीद मंसूरी, पार्षद जितेश शर्मा, अशोक यादव, महेश कोली, कमल चुघ, संजीव राठौर, ओमप्रकाश राठौर, सचिन आनंद, चमन विश्वास, विकास विश्वास, डॉ. अनवर, मोहन भारद्वाज, सूरज दास, रोहित चौहान, प्रकाश सरकार, विजय विश्वास, अशोक विश्वास, विकास बंसल, संजीव गुप्ता, राहुल प्रजापति, उमर खान, नरेश सागर, पार्षद बाबू खान, सोहेल खान और लाला भाई पार्षद सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सीसीटीवी कैमरे तोड़ने पर तीन गिरफ्तार

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। ट्रांजिट कैम्प के शिवनगर मोहल्ले में घर के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे तोड़ने के तीन आरोपियों को ट्रांजिट कैम्प कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार 26 अप्रैल को ट्रांजिट कैम्प शमशान घाट जाने वाले तिराहा फड़ के पास मे तीन युवकों रोहित सागर पुत्र राजेन्द्र सागर निवासी शिवनगर वार्ड 9, ट्रांजिट कैम्प, सागर राजपूत पुत्र पप्पू राजपूत निवासी महालक्ष्मी फेस जनपद रोड, ट्रांजिट



कैम्प व राजू राजपूत पुत्र नन्हे लाल निवासी खानपुर नई बस्ती, थाना- विलासपुर द्वारा हरचरन लाल के घर पर लगे सीसीटीवी कैमरो को नुकसान पहुचाया गया। उन्हें समझाने का प्रयास किया गया तो उक्त सभी हरचरन लाल के साथ मारपीट करने लगे। सूचना मिलने पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने उक्त तीनों युवकों गौरव सागर, सागर राजपूत व राजू राजपूत को गिरफ्तार कर न्ययालय मे पेश किया।

# श्रीराम कथा में भक्ति भाव से सुना राम-केवट संवाद

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। निकटवर्ती गांव फुलसूंगा स्थित जेष्ठा प्लेटिनम टावर के समीप पूर्वांचल सेवा समिति के तत्वावधान में सात दिवसीय श्रीराम कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा के दौरान परम पूज्य शांतनु जी महाराज ने प्रभु श्रीराम और केवट संवाद का अत्यंत मार्मिक वर्णन किया। उन्होंने बताया कि किस प्रकार गंगा पार करने के लिए प्रभु ने केवट की नाव का सहारा लिया और समाज के हर वर्ग को साथ लेकर राक्षसों का संहार किया।कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि समाजसेवी और वरिष्ठ भाजपा नेता भारत भूषण चुघ ने शिरकत की। उन्होंने शांतनु जी महाराज को पुष्पगुच्छ भेंट कर और पगड़ी पहनाकर उनका सम्मान किया और आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर चुघ ने कहा कि श्रीराम कथा का श्रवण करने से मनुष्य के पापों और अहंकार का नाश होता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि प्रभु राम के आदर्श और विचार आज भी प्रासंगिक हैं और युवा पीढ़ी को अपने धर्म व अध्यात्म के प्रति सदैव सजग रहकर धर्म का मार्ग अपनाना





चाहिए।कथा के दौरान दूधिया बाबा मंदिर के स्वामी शिवानंद जी महाराज, आलोक प्रताप सिंह, नीरज कुमार सिंह, सोनू ठाकुर, जयप्रकाश सिंह, जगदंबा कौशिक, पूनम पांडे, विनोद चौहान, हरिलाल ठाकुर, सर्वेश तिवारी, हरदीप सिंह, उपेंद्र गिरी, अशोक कुमार सिंह और रजत दीक्षित सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# होटल में महिला संग पकड़ा गया पूर्व प्लांट हेड

## पत्नी और महिला के पति ने होटल पहुंचकर काटा हंगामा

रुद्रपुर। उत्तर प्रदेश बॉर्डर स्थित एक होटल में रविवार को उस वक्त विवाद खड़ा हो गया, जब एक पूर्व प्लांट हेड को एक महिला के साथ होटल के कमरे में ठहरे होने की जानकारी उसके परिजनों को लग गई। सूचना मिलते ही दोनों पक्षों के लोग मौके पर पहुंच गए और आमना-सामना होते ही तीखी नोकझोंक शुरू हो गई।देखते ही देखते मामला बढ़ गया और होटल परिसर में हंगामे जैसी स्थिति बन गई। मौके पर



मौजूद अन्य लोगों और होटल स्टाफ ने बीच-बचाव की कोशिश की, लेकिन विवाद थमता नजर नहीं आया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों को शांत कराने का प्रयास किया। स्थिति नियंत्रित न होने पर पुलिस सभी को अपने साथ ले गई। बाद में शांति व्यवस्था भंग करने की आशंका में चालानी कार्रवाई कर सभी को छोड़ दिया गया।पुलिस अधिकारियों के अनुसार घटना स्थल उत्तर प्रदेश क्षेत्र में आता है, इसलिए संबंधित स्थानीय पुलिस को भी सूचना दे दी गई है और आगे की कार्रवाई वहीं से की जाएगी।

